CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 23°C

मेरठ, मंगलवार 1 जुलाई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 5 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: धनखड़**

पेज 2



**आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब**

खेल टाइम्स



**जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति**


संपादकीय

# चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर सैटेलाइट से होगी निगरानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे।

सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी आन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा और लॉन्च करेगा, जबकि 31 सैटेलाइट्स तीन निजी भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी। पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च किया जाएगा, लेकिन समय सीमा को और घटाने का प्रयास जारी हैं। ये सैटेलाइट्स लो-अर्थ आर्बिट और जियोस्टेशनरी आर्बिट में तैनात किए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है भारत**

**चार साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे, एआई से लैस, आपस में कनेक्ट रहेंगे**

# पहाड़ी राज्यों में बारिश का कहर जारी

## बदरीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, उत्तरकाशी में सात लापता मजदूरों के लिए रेस्क्यू जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है।

उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गोचर बंदखंड

**हिमाचल में गाड़ियों के सामने दरका पहाड़, शिमला में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी**

के पास लैंडस्लाइड हुआ है। मलबा सड़क पर आ गया। लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ जाने वाले रोड पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया था। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया था, दो मजदूरों की मौत हुई है। 7 लापता की तलाश जारी है। यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सोमवार को भी रेस्क्यू का काम जारी है। पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, -शेष पृष्ठ दो पर



## एक लाख का इनामी बदमाश संदीप ढेर

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मवीकलां गांव के पास नोएडा एसटीएफ और बागपत पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक लाख के इनामी बदमाश संदीप को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। गोली लगने से एसटीएफ का एक मुख्य आरक्षी भी घायल हुआ है। संदीप पर कानपुर पुलिस की ओर से हाईवे पर चार करोड़ रुपये की निकिल प्लेट लूट में एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# आज से रेल किराये में बढ़ोतरी लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गई है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराए पर 15 रुपये बढ़ाए गए हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

## अमरनाथ यात्रा को जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए हैं। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे।

# बोधगया मंदिर बौद्धों को सौंपने की याचिका पर विचार नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के बोधगया मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्धों को सौंपने का निर्देश देने की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुलेखाताई नलिनिताई नारायणराव कुंभारे की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता नारायणराव को इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। अदालत ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय से गुहार लगाने को कहा। न्यायमूर्ति सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर सीधे विचार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी याचिका विचारणीय नहीं है।

# ललित मोदी को शीर्ष कोर्ट से राहत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में ललित ने बीसीसीआई को 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने की मांग की थी।

यह जुर्माना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट (फेमा) का उल्लंघन करने के लिए उन पर लगाया था।



**सुप्रीम कोर्ट ने 10.65 करोड़ का जुर्माना भरने वाली याचिका खारिज की**

जस्टिस पीएस नरसिंहा और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मोदी की याचिका को जवाब लायक नहीं बताया और कहा कि इस मामले में मोदी चाहें, तो सिविल कोर्ट में कानूनी उपाय आजमा सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई पर कोई सीधा आदेश नहीं दिया जा सकता। साल 2009 में आईपीएल का आयोजन साउथ अफ्रीका में हुआ था। इस दौरान ईडी ने आईपीएल को शिफ्ट करने के दौरान हुए लेन-देन को लेकर मोदी पर 10.65 करोड़ का जुर्माना लगाया था।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 12 की मौत

संगारेड्डी, वार्ता

**तेलंगाना के** संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं।

हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच

**34 लोग घायल**

हुआ। राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी. सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ, वहां 90 लोग मौजूद थे।

# भारतीय लड़ाकू विमानों के नुकसान की रिपोर्ट गलत

जकार्ता, वार्ता

**भारत ने** इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान अपने रक्षा अताशे की प्रेजेंटेशन को लेकर फैली उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए थे। भारत ने रिपोर्टों को संदर्भ से बाहर बताया और कहा कि प्रेजेंटेशन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि मीडिया में जो बातें कही गई हैं, वे गलत ढंग से पेश की गई हैं और बातों को संदर्भ से हटाकर बताया गया है। दूतावास ने कहा कि हमने इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान दिए गए रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। इसमें कही गई बातें संदर्भ से हटाकर पेश की गई हैं और रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के उद्देश्य को गलत तरीके से दिखाया गया है। दूतावास ने यह भी बताया कि उस प्रेजेंटेशन का मुख्य उद्देश्य यह समझाना था कि भारतीय सशस्त्र बल हमारे पड़ोस के कुछ अन्य देशों के मुकाबले राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था और भारत की कार्रवाई उत्तेजक या आक्रामक नहीं थी।




## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोलकाता दुष्कर्म मामला

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई को पत्र के जरिये एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कालेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया।





















## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल के निकट हवाई फायरिंग का मुख्य आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा स्थित ताज. महल की पार्किंग के निकट सोमवार की सुबह हवाई फायरिंग करने वाले युवकों में से एक मुख्य आरोपी को पुलिस ने सात घंटे के भीतर लखनऊ से दबोच लिया। पकड़ा गया युवक पंकज सिह आजमगढ़ जिले का निवासी है और मथुरा तथा आगरा की यात्रा पर अपने परिवार संग आया था। हवाई फायरिंग के बाद वह टैक्सी बदलकर लखनऊ पहुंच गया। पुलिस तुरंत ही उसकी खोजबीन में जुट गई थी। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग की मदद ली गई। शाम होते-होते आगरा पुलिस ने कन्नौज, उन्नाव और लखनऊ पुलिस के साथ समन्वय करते हुए लखनऊ के मानकनगर से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसके परिजनों ने बताया कि पंकज बीते 20 वर्षों से मानसिक रोग से पीड़ित है और उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है।

### तेलंगाना बीजेपी विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें।

# कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर हाईकमान करेगा फैसला: खड़गे

**बेंगलुरु, वार्ता**



■ पार्टी सदस्य अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा न करें, अन्यथा होगी कार्रवाई

कर्नाटक में राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर कहा कि यह पूरी तरह से पार्टी हाईकमान पर निर्भर करता है और वही इसका फैसला करेगा।

खड़गे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या आने वाले महीनों में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की जगह ले सकते हैं। यह हाईकमान पर छोड़ दिया गया है। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले खड़गे ने पार्टी सदस्यों को अटकलों वाले बयानों के जरिए 'अनावश्यक भ्रम' की स्थिति उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हाईकमान के पास बदलाव करने की शक्ति है, लेकिन अनावश्यक रूप से भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब कर्नाटक में कई कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के भीतर असंतोष का संकेत देते हुए सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की है और शिवकुमार को रोटेशन के आधार पर मुख्यमंत्री पद संभालने के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जैसा कि 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले चर्चा की गयी थी। उनके हस्तक्षेप को आंतरिक अशांति को शांत करने और राज्य स्तरीय मामलों पर केंद्रीय नियंत्रण को फिर से कायम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# बिहार में शरीया कानून लाना चाहते हैं नमाजवादी गठबंधन

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ तेजस्वी यादव के बयान पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का पलटवार

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नए वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंकने संबंधी बयान की कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और पूछा है कि क्या 'नमाज़वादी' इंडी गठबंधन बिहार में शरीया कानून लागू करना चाहता है।

भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पटना के गांधी मैदान में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल की रैली में तेजस्वी यादव के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए, लेकिन बड़े दुख की बात है, पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें इंडी गठबंधन के सहयोगी बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। जबकि यह कानून (वक्फ बोर्ड कानून) दोनों सदनों से पारित है और न्यायालय में विचाराधीन है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान है, न न्यायपालि. का का सम्मान है। वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के सहयोगी तेजस्वी यादव द्वारा जो कुछ बोला गया है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह कहना चाहता हूं कि कुरान में 'वक्फ' जैसा कोई शब्द नहीं है। यह मुल्लाओं और मौलवियों द्वारा बनाया गया।

### बिहार में 2003 की मतदाता सूची के 4.96 करोड़ मतदाताओं को सबूत देने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया है और उसमें शामिल 4.96 करोड़ मतदाताओं को समीक्षा के दौरान अपनी पहचान के सबूत के तौर पर कोई दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची उसकी वेबसाइट पर अपलोड की गई है, जिसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं के विवरण शामिल हैं। आयोग ने कहा कि इस सूची के मतदाताओं को समीक्षा के दौरान कोई दस्तावेज नहीं देना होगा तथा इनके बच्चों को अपने माता-पिता से संबंधित कोई दस्तावेज जमा कराने की भी जरूरत नहीं है।

### बरेली के आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति का आह्वान

# जीवों के कल्याण को करें शक्ति का प्रयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ विलुप्त होती प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण है, भारतीय संस्कृति की सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी प्रजातियों के संरक्षण को जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने और समझने की शक्ति दी है उसका इस्तेमाल सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

मुर्मू ने सोमवार को बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में कहा कि मनुष्य का वनों और वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है। कई प्रजातियों के या तो विलुप्त होने या विलुप्त होने के कगार पर पहुं. चने का उल्लेख करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि इन प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने और समझने की शक्ति दी है, उसका उपयोग सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। कोरोना महामारी ने मानव जाति को आगाह किया है कि उपभोग पर आधारित संस्कृति न केवल मानव जाति को बल्कि अन्य जीवों और पर्यावरण को भी अकल्पनीय नुकसान पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि 'ईशावास्यम इदं सर्वम' के जीवन मूल्य पर आधारित भारतीय संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है। देवताओं और ऋषियों द्वारा जानवरों से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच पर आधारित है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आज पूरे विश्व में 'एक स्वास्थ्य' की अवधारणा को महत्व मिल रहा है। इसका मानना है, मनुष्य, पालतू तथा जंगली जानवर, वनस्पतियां और व्यापक पर्यावरण सभी एक-दूसरे पर निर्भर हैं। हमें पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख पशु चिकित्सा संस्थान के रूप में आईवीआरआई इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है खासकर जूनोटिक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में। राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा और उनकी देखभाल में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है।

### मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में आरोप प्रत्यारोप का ऐसा दौर चल रहा है, जिसमें राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को भी घसीट लिया जाता है और यह भारतीय लोकतंत्र और संस्कृति से मेल नहीं खाता। धनखड़ ने राजस्थान के जयपुर में राज्य के पूर्व विधायकों के संगठन राजस्थान प्रगतिशील मंच के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का मौजूदा राजनीतिक परिवेश भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आप अलग-अलग दलों में हो सकते हैं और इसमें भी बदलाव होता रहता है। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है और प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि दुश्मनी हो जाए। दरार पैदा हो जाए। दुश्मन सीमापार हो सकते हैं। देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। उप राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति का परिवेश असहनीय हो रहा है। बेलगाम होकर वक्तव्य दिए जा रहे हैं।

# इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए बेहतर सुविधाएं: सिन्हा

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए काफी बेहतर व्यवस्था की गई है।

सिन्हा ने तीन जुलाई को शुरू होने वाली यात्रा से पहले जमीनी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गंदेरबल के बालटाल की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी), नागरिक प्रशासन, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सुरक्षा बल और अन्य सभी हितधारकों ने श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण, सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी की जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में समन्वय तंत्र को अंतिम रूप देने और वार्षिक तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए इस मामले में संदिग्ध स्थानीय गाइड को गिरफ्तार किया है। जवानों ने कल रात राजौरी के केरी सेक्टर के तारकुंडी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए और आतंक वादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।



सेंसेक्स 84058.90
निफ्टी 25637.80



सोना रु. 95886
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105510
प्रति किलो



# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, बैंकिंग, धातु और रियल्टी समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिन की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 452.44 अंक की गिरावट लेकर 83606.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 120.75 अंक लुढ़ककर 25517.05 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.67 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,854.46 अंक और स्मॉलकैप 0.81 प्रतिशत उछलकर 54,690.91 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4290 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2362 में लिवाली जबकि 1750 में बिकवाली हुई, वहीं 178 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3052 कंपनियों के शेयरों में से 1756 में तेजी जबकि 1188 में गिरावट रही वहीं 108 में टिकाव रहा। बीएसई के 10 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0.41, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 0.17, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.49, बैंकिंग 0.59, धातु 0.49, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 0.87 और टेक समूह के शेयर 0.06 प्रतिशत गिर गए। वहीं हेल्थकेयर 0.56, इंडस्ट्रियल्स 0.66, कैपिटल गुड्स 1.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.08 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 32 अंक फिसलकर 84,027.33 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 84,099.53 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 83,482.13 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गए। अंत में पिछले दिवस के 84,058.90 अंक के मुकाबले 0.54 प्रतिशत की गिरावट लेकर 83,606.46 अंक पर रहा। वहीं निफ्टी 24 अंक की बढ़त के साथ 25,661.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,669.35 अंक के उच्चतम जबकि 25,473.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,637.80 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत लुढ़ककर 25,517.05 अंक पर बंद हुआ।

# सोना 102 बढ़कर 95,886 पर पहुंचा, चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 102 बढ़कर 95,886 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 95,784 पर था। वहीं चांदी की कीमत 317 बढ़कर 1,05,510 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,193 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,410 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,724 रुपए बढ़कर 95,886 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,493 रुपए बढ़कर 1,05,510 रुपए पर पहुंच गया है।

# सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल और उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल के साथ ही उड़द दाल सस्ती हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 27 रिंगिट गिरकर 3959 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 52.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सोया रिफाइंड में 36 रुपए और वनस्पति तेल में 133 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल की 250 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14066 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14533 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन-पाकिस्तान...**

के मुताबिक, एसबीएस-3 का मकसद पाकिस्तान, चीन और हिंद महासागर क्षेत्र को ज्यादा विस्तार में कवर करना है, ताकि कम समय में हाई रिजोल्यूशन निगरानी संभव हो। इसरो के सैटेलाइट्स के अलावा वायुसेना तीन हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) विमान भी खरीदने की तैयारी में है। ये ड्रोन जैसे मानव रहित विमान होंगे, जो लंबी अवधि तक ऊंचाई पर उड़कर निगरानी में मदद करेंगे। ये सैटेलाइट्स की निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेंगे। एचएपीएस विमान आमतौर पर धरती से 18 से 20 किलोमीटर (60,000 फीट) ऊपर उड़ता है और लंबे समय तक एक ही जगह पर बना रह सकता है। 7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए- मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि हमें अपने फैसलों की गति तेज करनी होगी। जितना जल्दी हम 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में स्थापित करेंगे, हमारी सुरक्षा उतनी ही मजबूत होगी। भारत का यह कदम चीन के तेज होते अंतरिक्ष सैन्यकरण के जवाब में भी है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सैटेलाइट थे, वहीं आज उसके पास 1000 से ज्यादा सैटेलाइट्स हैं, जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी (आईएसआर) कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, को-आर्बिटल सैटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और लेजर जैसे हथियार भी हैं। भारत के स्पेस बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने की थी। एसबीएस1 प्रोग्राम के तहत 2001 में चार सैटेलाइट लॉन्च किए गए थे। जिसमें रिसैट प्रमुख था। इसके बाद एसबीएस 2 मिशन में 2013 में 6 सैटेलाइट लॉन्च किए गए।

**पहाड़ी राज्यों...** एनडीआरएफ और प्रशास. निक टीमें राहत-बचाव का काम कर रही हैं। हिमाचल में बीते 48 घंटे से बारिश हो रही है। पिछले 10 दिन में 39 लोगों की मौत हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कई जगहों पर लैंडस्लाइड की आशंका है। हिमाचल के सोनल में अर्की-शालाघाट मार्ग पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियां के ठीक सामने गिरा। शिमला के भट्टाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी। अब बारिश के बाद मिट्टी धंसने से बिल्डिंग गिरी। राजस्थान के चूरू जिले में सुबह 5 बजे से ही बारिश हो रही है। शहर के निचले इलाकों में स्थित घरों और दुकानों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। पूरे राजस्थान में 20 जून के बाद से ही मानसून की बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण पाली में कई जगह बरसाती नदियां उफान पर हैं।

# मई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर1.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपभोक्ता मांग में कमी के बीच देश में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मई 2025 में 1.2 प्रतिशत रही जो गत वर्ष सितंबर के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। पिछले वर्ष इसी माह औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.3 प्रतिशत और इस वर्ष अप्रैल में 2.6 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी मई के आंकड़ों के अनुसार अखिल भारतीय आईआईपी मई, 2025 में 156.6 रहा, जबकि एक साल पहले इसी माह यह 154.7 और एक माह पहले 151.8 अंक था। इस वर्ष मई में खनन क्षेत्र का उत्पादन सालाना आधार पर 0.1 प्रतिशत घट गया जबकि विनिर्माण क्षेत्र में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बिजली का उत्पादन मई में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत कम रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल-मई में औद्योगिक वृद्धि दर 1.8 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। इस वर्ष मई में प्राथमिक वस्तु उद्योग के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। आलोच्य माह में माध्यमिक वस्तुओं का उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ तथा निर्माण/ अवसंरचना वस्तु उद्योग की वृद्धि 6.3 प्रतिशत रही। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग का उत्पादन 0.7 प्रतिशत कम रहा।

### खरीफ की बुआई का रकबा बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में मौजूदा वर्ष के खरीफ मौसम में धान, श्रीअन्न और दलहन की बुआई का रकबा बढ़ा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रायल ने सोमवार को यहां जारी आंकडों में बताया कि 27 जून तक देश में बुआई का रकबा 235.44 लाख हेकटेयर से बढ़कर 262.15 लाख हेक्टेयर हो गया। आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23.78 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 35.02 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह दलहन का रकबा 15.37 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.09 लाख हेक्टेयर हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### लापरवाहीः अजब मेडा की गजब कहानी

# बिना शटडाउन कराए बिजली का खंभा हटाने पहुंचे मेडा के अधिकारी

■ 11 हजार की लाइन से टकराई मेडा की जेसीबी, एक की मौत, दो झुलसे मौके से अधिकारी भागे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। समर गार्डन मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) की टीम अवैध कालोनी में लगे बिजली के खंभों को हटाने पहुंची थी। तभी मेडा की जेस. ीबी मशीन अचानक कालोनी के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की बिजली लाइन से टच हो गई। खंभे से जेसीबी टच होते ही अचानक जेसीबी में करंट उतर गया। करंट इतनी तेज लगा कि गाड़ी में तीन कर्मचारियों थे जो पूरी तरीके से घायल हो गए और एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल मामला थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के मदीना कॉलोनी का है। जहां बिजली का अवैध खंभा लगा हुआ था। मेडा की टीम खंभे को हटाने पहुंची थी। मेडा ने बिजली विभाग को भी खंबे को हटाने की सूचना नहीं दी थी।

बिना शटडाउन लिए ही मेडा की टीम के कर्मचारियों ने खंभे को हटाना शुरू कर दिया। काम करने के दौरान अचानक जेसीबी 11केवी लाइन से टच हो गई। टच होते ही जेसीबी में करंट उतर गया। इस कारण ड्राइवर छोटे लाल की मौत हो गई जबकि दो हेल्पर बुरी तरह घायल हो गए। स्थानी लोगों का कहना है कि जिस समय यह घटना घटी टीम के जो अधिकारी और बाकी कर्मचारी मौके से भाग गये किसी अधिकारी ने यह तक नहीं सोचा कि घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए बल्कि अपनी जान बचाने के लिए वह भाग निकले। ना किसी ने यह सोचा कि बिजली विभाग में फोन कर के शटडाउन करें। जब इसकी सूचना पुलिस को दी गई उसके बाद शटडाउन किया गया।

**अपने कर्मचारियों को तड़पता छोड़ भागे अधिकारी**

मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की गजब कहानी देखने को मिली है। अवैध बिजली का खंभा हटाने टीम को लेकर पहुंचे अधिकारियों ने लाइन बंद कराने की भी जेहमत नहीं उठाई। हद तो तब हो गई जब बिजली अधिकारियो को इसकी जानकारी भी तब लगी जब जेसीबी में करंट उतरने से एक की मौत और दो गंभीर कर्मचारी झुलस गये। इतनी बड़ी लापरवाही से लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है। वहीं अब देखना यह है कि विभाग इन अधिकारियों पर कब और क्या कार्रवाई करेगा। वहीं कर्मचारियों ने गुस्सा है।

## सच्चा शिक्षक नहीं होता कभी सेवानिवृत्तः सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कॉलेज के इतिहास विभाग में प्रो. वकुल रस्तोगी की सेवानिवृत्त पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने की। उन्होंने अपने लंबे समय के सेवा कार्यकाल के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि शिक्षक अनेक रूपो में छात्रों एवं समाज की सेवा करता रहता है। प्रो. विघ्नेश ने कहा कि डॉ. वकुल रस्तोगी ने शिक्षण क्षेत्र में 35 वर्षो तक अपनी सेवा दी है। उन्होंने छात्रों के कठिन प्रश्न को भी आसान बनाकर उत्तर दिया है। छात्र भी उनकी कार्यशैली से खुश थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चन्द्रशेखर भारद्वाज ने किया। उन्होंने कहा कि उनके अमुल्य योगदान का धन्यवाद। वहीं भारी संख्या में प्रोफेसर रहे।

# बारिश ने खोली नगर निगम की पोल गंगानगर की कॉलोनी में भरा पानी

### सभासद बोली, जल्दी होगा सड़क और नाले का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** रविवार की रात मेरठ जिले में जमकर बारिश हुई इस बारिश से जहां एक तरफ उमस भरी गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी तरफ बारिश का पानी कॉलोनी में भर जाने से आम जनता को मुसीबत का सामना भी करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से मेरठ के आसपास तो बारिश हो रही थी परंतु मेरठ में बादल आते थे और चले जाते थे परंतु रविवार की रात मेरठ में भी जमकर बारिश पड़ी। बारिश ने नगर निगम की तैयारियों का भी इम्तिहान लिया और अधिकतर क्षेत्र में नगर निगम की तैयारियां में खामी ही मिली। बारिश के कारण शहर के अधिकांश नाले लबालब भर गए और कुछ स्थानों पर बारिश का पानी सड़कों से होता हुआ मकानो में भी भरने की शिकायत प्राप्त हुई। जिसके कारण जनता को भारी दुश्वारियां का सामना करना पड़ा। गंगानगर के रहने वाले नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र के एफ पी पॉकेट में लगभग एक फुट पानी भरने के कारण क्षेत्रीय जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा उन्होंने क्षेत्रीय पार्षद पर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी क्षेत्रीय पार्षद इस कॉलोनी पर ध्यान नहीं दे रहे हैं इसके कारण थोड़ी बारिश होने पर भी पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों पर पानी भर जाता है। क्षेत्रीय पार्षद पति भरत शर्मा ने बताया कि इस कॉलोनी का टेंडर डाला जा चुका है और शीघ्र ही टेंडर पास होते ही इस कॉलोनी में कार्य शुरू किया जाएगा। इससे पानी भराव की समस्या का निदान हो जाएगा। वहीं मेरठ में भी जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घंटाघर से नगर निगम दफ्तर तक सड़कों पर लपालप पानी भर जाने से दो पहिया वाहनों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉक्टर जी.के. थपलियाल हुए सेवानिवृत्त

■ प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा बने सुभारती विवि के नए कुलपति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें विश्व. विद्यालय द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यकाल के दौरान डॉ. थपलियाल द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदानों को सभी ने सराहा और उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। इसके साथ ही नव नियुक्त कुलपति प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलसर्. चव एम याकूब ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए नए कुलपति प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा का औपचारिक स्वागत किया। कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, डॉ. शल्या राज, डॉ. कृष्णा मूर्ति ने सेवानिवृत्त कुल. पति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल को बधाई दी।

## शोभित में नवीन सर्फैक्टेंट्स पर एक दृष्टि विषय पर राष्ट्रीय व्याख्यान

■ कुलाधिपति ने वर्चुअल के माध्यम से नवाचार व अनुसंधान पर बल दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के मानविकी, भौतिक एवं गणितीय विज्ञान संकाय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेपी विवि ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गुना (म.प्र.) से आमंत्रित विशेषज्ञ प्रो. रश्मि त्यागी ने नवीन सर्फैक्टेंट्स पर एक दृष्टि विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व. विद्यालय के मुख्य सभागार में हुआ, जो ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित हुआ। देशभर से 100 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑनलाइन सहभागिता की। कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए नवाचार व अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. रश्मि त्यागी ने सर्फैक्टेंट्स की आधुनिक अवधारणाओं, हरित रसायन, बायो सर्फैक्टेंट्स एवं नैना टेक्नोलॉजी में उनके अनुप्रयोगों पर विस्तृत जानकारी दी। व्याख्यान के उपरांत प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकृति गोस्वामी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन हुआ। प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विनोद त्यागी, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. अशोक गुप्ता, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद की संवाद बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बॉम्बे बाजार आबूलेन स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स में सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय जाट संसद की जाट संवाद बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के युवाओं को नशे की लत से दूर करने व तलाक के मामलों को कम करने पर विचार रखें। इसी के साथ सर छोटूराम के जीवन दर्शन पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म के पोस्टर का विमोचन किया।

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर कलवानिया ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खात्मे और जाट आरक्षण के मुद्दे पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि आरक्षण जाटों का हक है समाज एकजुट होकर पुन आंदोलन खड़ा करेगा। सरकार ने वादा खिलाफी की तो इसका परिणाम 2027 के चुनाव में भुगतना पड़ेंगे साथ ही समाज में सामाजिक कुरी. तियों के खात्मे के लिए जन जागरण अभियान चलाकर समाज को जागरूक किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय महासचिव नितिन बालियान ने जाट समुदाय के इतिहास को डिजिटल करने व शिक्षित जाट समुदाय, महिला शिक्षा, दहेज ओर तलाक के मामलो सहित सामाजिक विषयों पर अपने विचार रखें। पदाधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में चौधरी साहब की विशाल प्रतिमा स्थापित करने व मेट्रो स्टेशन का नामकरण करने की मांग की। इस दौरान भूपेन्द्र सिंह बाफर, यशपाल मलिक, सम्राट मलिक, अनुज चौधरी, शक्ति मलिक, अजय चौधरी, देवराज मलिक, सुहैल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सूरजकुंड बाल गृह व नारी निकेतन पहुंचे अधिकारी, किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला न्यायाधीश संजीव पाण्डेय, डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व डीएम ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढ़ाई, दवाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित से कैमरो के संबंध में जानकारी प्राप्त की व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती नारी निकेतन में बच्चो को दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रसोई घर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टाफ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता बलराम सैनी का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के गडीना गांव में भाजपा नेता बलराम सैनी पुत्र स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय यादराम चौधरी का बीते दिनों निधन हो गया था। सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सरधना विधानसभा के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम, व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के अलावा आरएसएस के नेता व भाजपा नेता आदि सामाजिक संगठनो के नेताओं ने उनके चित्र पर फूल माला पहनाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बलराम सैनी के निधन होने पर सभी नेताओं ने कहा कि हम सभी अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को सब्र प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। उनके निधन से समाज को गहरी क्षति पहुंची। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय यादराम चौधरी के पुत्र बलराम सैनी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के बेहद करीबी थे। इस दौरान प्रमुख प्रदीप बिश्नोई, नेता कृष्ण पाल सैनी, अनिल फौजी, पूर्व चेयरमैन लावड़ महकार सैनी, चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, संदीप प्रधान, अनुज भाटी, पीतम सैनी, रामपाल सैनी, नरेश कुमार सैनी, प्रवीण कुमार सैनी, पवन सैनी, सुंदरलाल सैनी, अनिरुद्ध बिश्नोई, ग्राम प्रधान अमित कुमार, प्रधान कैप्टन बिजेंद्र फौजी, प्रधान राहुल सैनी, मिंटू प्रधान, आदेश प्रधान, राजेंद्र सैनी आदि दिल्ली, गाजियाबाद, शामली, मेरठ, गौतमबुदनगर, बुलंदशहर, हापुड़, बिजनौर, मुजफ्फरनगर आदि जनपदों से गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में सम्मलित होकर उनके चित्र पर फूल माला पहनाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पांचवां शिक्षा मेला आयोजित



सम्मानित बच्चों के साथ शिक्षा सेवा समिति के सदस्य।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को रजबन पंचायत शिक्षा सेवा समिति ने 5वां शिक्षा का मेला आयोजित किया। जिसमें समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस बीच गरीब बच्चों को शिक्षा की सामग्री बांटी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र सोनकर ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चों का हौसला बुलंद होता है। बच्चे आगे भी इससे अच्छा करने का प्रयास करते हैं। सम्मानित होने वाले बच्चों में खुशी की लहर थी। कार्यक्रम में सुरेश चन्द, रमेश चन्द, लक्ष्मी चन्द, शरनदास, गोविन्द सोनकर, रोश, आकाश आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायता उपकरण किए वितरित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को जानी ब्लॉक परिसर में सामाजिक अधिकारिता शिविर एडिप एवं राष्ट्रीय व योश्री योजना के तत्वावधान में सोमवार को जानी ब्लाक परिसर में लाभार्थी दिव्यांगजनो को भारत सरकार द्वारा निशुल्क सहायता उपकरण वितरण किए गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ. राज. कुमार सांगवान रहे।

कार्यक्रम में चिह्नित 265 लाभार्थियो को 30 से 40 लाख की कीमत के सहायता उपकरण वितरण कार्यक्रम हुआ। डॉ. राज. कुमार सांगवान ने कहा की मोदी सरकार गरीब व्यक्ति की सरकार है और आज जो यह कार्यक्रम हुआ है दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल देकर उनका सपना पूरा हुआ है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी लोकदल के प्रदेश सचिव रणबीर दहिया खंड विकास अधिकारी पंकज कुमार, ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी, ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को पुष्प माला पहनाकर दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस लाईन स्थित सभागार में सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को पुष्प माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व ट्रॉली बैग भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई सोमवार को पुलिस अधीक्षक यातायात लाइन्स की उपस्थिति में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कर्मचारीगणों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस बीच बृजमोहन फायर सर्विस स्टेशन परतापुर, जगत सिंह थाना गंगानगर, तेजवीर सिंह पुलिस लाईन, धर्म सिंह पुलिस लाईन, शाहबुद्दीन पुलिस लाईन को सेवा. निवृत्ति किया। वहीं सेवानिवृत्ति हुए पुलिसकर्मियों के परिवार के लोग भी मौजूद थे। रिटायर्ड पुलिसकर्मियों ने कहा कि उन्होंने मेहनत और लगन से देश की सेवा की है।

## कांवड़ यात्रा के दौरान भक्त होटल में भगवा झंडे का रखें ख्यालः महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को सुभारती विश्वविद्यालय के सामने वेद व्यास पुरी चौकी के पास यशवीर महाराज बगरा मुजफ्फरनगर ने एक अभियान मुस्लिम समाज के द्वारा हिंदू नाम पर होटल ढाबे खाने के स्टॉल नाम बदलकर चलाने का विरोध किया है। उन्होंने हिंदू होटल का समर्थन करते हुए भगवान का एक चित्र एक भगवा झंडा हर हिंदू दुकानों पर लगाते हुए यह संदेश दिया की कांवड़ यात्रा के दौरान हर कांवड़िया इसे पहचान कर सके कि यह दुकान हिंदू की है और स्वच्छ भोजन कर सके। महाराज के समर्थन में अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही एवं उनके कार्यकर्ताओं ने महाराज के साथ उनका समर्थन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री धामी से भी निवेदन किया कि यह कांवड़ यात्रा इस देश की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा है जिसमें लगभग चार-पांच करोड़ कांवरिया हरिद्वार से जल लेकर आता है जिसमें प्रदेश के दोनों मुख्यमंत्री यात्रा के दौरान विधार्मियों की खाने पीने आदि की दुकान बंद करने का आदेश जारी करें।

## ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवक व युवतियां 10 जुलाई तक दर्जी, ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु करें आवेदनः जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, जनपद मेरठ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार नवयुवक, युवतियों को विभिन्न ग्रामोद्योगी उद्योगो में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा संचालित कौशल सुधार प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम में एससीएसपी/सामान्य वर्ग के 25-25 दर्जी एवं एससीएसपी 50 ब्यूटी पार्लर उद्योग नवयुवतियों/महिलाओं में मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद, जनपद बिजनौर (मो.नं. -9580803134) द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

सम्बन्धित उद्योग (दर्जी, ब्यूटी पार्लर) में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक 18 से 45 वर्ष के नवयुवक एवं युवत्तियां जो ग्रामीण क्षेत्र के स्थायी निवासी है. वे अपना आवे. दन पत्र विभागीय वेबसाईट WWW-UPKVIB.GOV.IN पर जाकर ऑनलाईन (फोटो, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र (अनुसुचित जाति) व बैंक पासबुक सेवाओं के अंन्तर्गत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पर दिनांक 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन प्रेषित कर सकते है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन स्कोर कार्ड के माध्यम से किया जायेगा। चयनित आवेदकों का प्रशिक्षण प्रशिक्षार्थियों की सुविधाओं के अनुरूप मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबा. बाद, जनपद बिजनौर, तहसील स्तर, ब्लाक स्तर, जनपद स्तर पर आवश्यकतानुसार मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा अनावासीय संचालित किये जायेगे। प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्त छात्रवृत्ति के रूप में कुल धनराशि रू. 3,750.00 प्रति प्रशिक्षार्थी को उनके बैंक खाते में आरटीजीएस, एनईएफटी प्रक्रिया के माध्यम से स्थानान्तरित किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षार्थियों को जलपान, मध्यान्ह भोजन की निःशुल्क व्यवस्था प्रशिक्षण केन्द्र के नामित प्रभारी द्वारा किया जाना है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 72/1, शास्त्रीनगर, मेरठ पर किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## दो जुलाई से दिव्यांग बच्चों के चिन्हाकन एवं उनके समग्र पुनर्वासन को चलाया जा रहा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव, उ.प्र. शासनादेश के अनुपालन में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके समग्र पुनर्वासन हेतु प्रत्येक जनपद में विकास खंड स्तर पपर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु दो जुलाई 2025 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि इस अभियान में दो जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड हस्तिनापुर, तीन जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड परीक्षितगढ़, चार जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड माछरा, पांच जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड रोहटा, सांत जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड जानीखुर्द, आठ जुलाई 2025 को विकास खंड सरधना, नौ जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड दौराला, 10 जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड मेरठ, 11 जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड खरखौदा, 14 जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड मवाना, 15 जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड रजपुरा तथा 16 जुलाई 2025 को कार्यालय विकास खंड सरूरपुर परिसर में पूर्वान्हे 10.30 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# जानी पुलिस ने हत्यारों के घर कुर्की का नोटिस किया चस्पा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब दो महीने पूर्व सुबह दूध लेने जा रहे अंबेडकर भवन सिवालखास में किशोरी लाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस ने किशोरी लाल के हत्यारे गुलशन व राजू को पहले ही जेल भेज चुकी थी अभी एक सप्ताह पूर्व ही किशोरी लाल के परि. जनो ने थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर से मिलकर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। बतादें कि आनंद पुत्र तोताराम, आशीष पुत्र तोताराम कस्बा सिवालखास किशोरी लाल के दो हत्या आरोपी लगातार फरार चल रहे हैं जिसमें सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने 84बीएनएस की कार्रवाई कर आरोपियों के घर ढोल नगाड़े बजवाए और आरोपियों के घर नोटिस चस्पा कर दिया। थाना प्रभारी ने अदालत के आदेश पर अंबेडकर भवन नगर पंचायत सिवाल खास में और आरोपियों के घर पर नोटिस चस्पा किया है और सार्वजनिक घोषणा कराई कि फरार अभियुक्त सरेंडर नहीं करते हैं तो निर्धारित तिथि तक आरोपियों के घर पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने कृषकों के साथ किया संवाद

- कृषक संवाद कार्यक्रम में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण
- मनुष्य के स्वास्थ्य के परीक्षण की तरह ही मिट्टी का परीक्षण भी आवश्यक: शिवराज सिंह चौहान






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार, शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में विकास खण्ड मिलक के ग्राम-नंगला उदई में स्थित मोगा ढाबा में कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश गंगवार, ब्लाक प्रमुख बिलासपुर कुलवंत सिंह औलख, ब्लाक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों,कृषि वैज्ञानिकों व कृषकों ने प्रतिभाग किया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य मंत्री कृषि कृषि शिक्षा एवं कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषकों, कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों व अधिकारियों के मध्य क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

संवाद कार्यक्रम में धान की विभिन्न प्रजातियों तथा उनमें लगने वाले विभिन्न रोगों की पहचान व उनके उपचार विषय तथा धान 1509 में लगने वाले बकनी रोग के समाधान के सम्बन्ध में महानिदेशक आईसीएआर को रिसर्च करने के निर्देश दिये गये। बिलासपुर के प्रगतिशील कृषक अनूप सिंह द्वारा सीधी बुवाई के सम्बन्ध में कृषकों को जागरूक करने तथा सीधी बुवाई हेतु सीडड्रिल मशीन के लक्ष्य बढ़ाने पर चर्चा की गयी।

ग्राम-किरा वि.ख.-चमरौआ के प्रगतिशील कृषक सुरेन्द्र सिंह गंगवार ने ग्राम पंचायतों में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना किये जाने पर चर्चा की गयी, जिस पर मंत्री जी द्वारा आश्वासन दिया गया। मंत्री जी द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार मनुष्य के स्वास्थ्य का परीक्षण आवश्यक है ,उसी प्रकार मिट्टी का परीक्षण कराया जाना भी आवश्यक है। गन्ने का मूल्य बढ़ाने की माँग को लेकर भी कृषकों व कृषि विशेषज्ञों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर ही कृषकों की अधिकतर समस्याओं का समाधान किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में जनपद रामपुर प्रारम्भ से ही प्रथम स्थान पर रहा है। फसल अवशेष व पराली प्रबन्धन में विशेष प्रयास कर पराली का प्रबन्धन कराया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद में पराली की बहुत ही कम घटनायें हुई, जिससे जनपद रामपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा, जिस हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही जनपद के भूमिगत जल को स्थिर रखने के उद्देश्य से जायद 2025 में लगने वाला साठा धान पूर्ण प्रतिबन्धित कर जनपद के किसी भी किसान को साठा धान नहीं लगाने दिया गया तथा साठा धान के स्थान पर मक्का एवं कद्दूवर्गीय फसलों की बुवाई करायी गयी।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी।

साथ ही अवगत कराया गया कि वर्तमान में कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है, जोकि 12 जुलाई, 2025 तक रहेगी। इच्छुक कृषक बुकिंग करा सकते हैं तथा बेरोजगार कृषि स्नातकों हेतु एग्रीजंक्शन की स्थापना हेतु विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन दिनांक 20 जुलाई, 2025 तक आवेदन मांगे गये हैं।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में सरकारी व निजी क्षेत्र में बीज, उर्वरक व कीटनाशक उपलब्ध हैं।

भूमि संरक्षण अधिकारी डा.भगवत सरन द्वारा विभाग में संचालित भूमि संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी गयी।

# सैफनी में 12 घंटे से बिजली हुई गुल

- इन्वर्टर और पानी टैंक खाली, लोगों को परेशानी; 33 हजार की लाइन में फॉल्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में सोमवार को पूरे दिन बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली कटौती के कारण लोगों के इन्वर्टर भी बंद हो गए। पानी के टैंक खाली होने से दैनिक कार्य प्रभावित हुए।

पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने स्थिति और भी जटिल बना दी है।

बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर रविन्द्र मिश्रा ने बताया कि 33 हजार की लाइन में फॉल्ट आया है। साथ ही बिजली घर की मशीनों में भी तकनीकी खराबी है, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित है।

स्थानीय नागरिकों की मांग है कि बिजली विभाग को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। इसमें बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार, नियमित मेंटेनेंस कार्य, और तकनीकी खराबियों का त्वरित निवारण शामिल है। नियमित रखरखाव से भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोका जा सकता है।

# जिले में बारिश के दौरान बचाव और सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में बारिश के दौरान आमजन की सुविधा और सतर्कता के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने एडवाइजरी जारी की है।

जिलाधिकारी ने बताया कि आमजन बारिश के दौरान जलभराव वाले इलाकों में जाने से बचें और पेड़ों के नीचे शरण न लें।

कमजोर ढांचे वाली बिल्डिंगों में या उनके आसपास बिल्कुल न खड़े हों। फसल वाले खेतों में लगातार बारिश की वजह से होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए खेतों में जल निकासी के पर्याप्त प्रबंध करें। जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश के दौरान बज्रपात से बचने और पूर्व में ही चेतावनी प्राप्त करने के लिए दामिनी या सचेत ऐप का प्रयोग करें।

### क्या है दामिनी ऐप

दामिनी ऐप को भारत सरकार द्वारा बिजली गिरने से पहले अलर्ट देने के लिए लॉन्च किया गया है। यह ऐप आम लोगों के साथ-साथ किसानों के लिए भी फायदेमंद है। इस ऐप की मदद से बिजली गिरने की सही और सटीक पूर्व जानकारी मिलती है तथा लोगों को सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद मिलती है।

### दामिनी ऐप की खासियतें

यह ऐप यूजर के मोबाइल फोन में जीपीएस लोकेशन के आधार पर 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना का पता लगाता है। साथ ही बिजली गिरने की गड़गड़ाहट और वज्रपात की रफ्तार भी बताता है। यह ऐप बिजली गिरने से करीब 7 से 8 मिनट पहले ही अलर्ट भेज देता है और किसी भी गंभीर लाइटनिंग या थंडर स्टॉर्म से करीब 30 से 45 मिनट पहले से ही अलर्ट भेजना शुरू कर देता है।

## पीएमएफएमई के अंतर्गत उद्योग स्थापना को करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अधीक्षक, राजकीय उद्यान अजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई संचालित है, जिसके अर्न्तगत राईस मील, दुग्ध उत्पाद, फल आधारित उत्पाद, आटा चक्की, चिप्स, पापड़, नमकीन, बिस्कुट, आचार, मुरब्बा, सिरका उद्योग, मिठाई उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग आदि उद्योगों की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि योजना के अर्न्तगत उद्योग स्थापना के लिए विभाग द्वारा परियोजना लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख तक अनुदान दिया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्ति पीएमएफएमई. एमओएफपीआई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी अधीक्षक, राजकीय उद्यान, रामपुर किला कैम्पस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# दो मंजिला इमारत से गिरा युवक, मौत

## दिल्ली में करता था युवक वैल्डिंग का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी मजदूर की दिल्ली के शाहदरा गंज में एक दर्दनाक घटना में मौत हो गई। वेल्डिंग का काम करने वाले 19 वर्षीय शादाब अली पुत्र अंसार अली की दो मंजिला इमारत से पेर फिसल कर गिरने के बाद मौत हो गई। शादाब शाहबाद के सैफनी का रहने वाला था।

शनिवार को शादाब दो मंजिला इमारत पर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान पैर फिसल कर वह अचानक नीचे गिर गया। गंभीर चोटों के कारण उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हालांकि, रविवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शादाब ईदगाह मोहल्ले का रहने वाला था। वह अपने चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसके दो बड़े भाइयों की शादी हो चुकी थी, लेकिन शादाब अभी अविवाहित था। वह मजदूरी कर अपने परिवार की आर्थिक मदद करता था। उसकी असामयिक मौत से पूरे ईदगाह मोहल्ले में शोक की लहर है।

देर शाम पीएम के बाद एम्बुलेंस से घर आया मृतक की माँ का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया यही कमा कर घर का खर्चा चलाया था।

# एसडीएम कार्यालय के संविदा कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

- मिट्टी उठाने की परमिशन एसडीएम से कराने के नाम पर ली थी की रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम ने एसडीएम मिलक के कार्यालय में तैनात एक संविदा कर्मी को दस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद नगर निवासी शिवकुमार पुत्र भूपराम (43) तहसील मिलक में सीजनल अनुसेवक (संविदा कर्मी) के पद पर तैनात है जो एसडीएम मिलक के कार्यालय में अर्दली का काम देख रहा है। उसने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमापुर निवासी रवि कुमार पुत्र मनोहर सिंह से मिट्टी उठाने की परमिशन एसडीएम मिलक से दिलवाने के नाम पर दस हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जिस पर रवि कुमार ने एंटी करप्शन थाना मुरादाबाद के प्रभारी निरीक्षक से संपर्क किया और रिश्वतखोर कर्मचारी की शिकायत की।

0जिस पर थाना मुरादाबाद की एंटी करप्शन टीम ने निरीक्षक मोहम्मद इश्तियाक के नेतृत्व में जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा से परमिशन लेकर आज अपराह्न 12:05 पर मोगा ढाबे के पास से संविदा कर्मचारी शिवकुमार को रवि कुमार से दस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को थाना शहजाद नगर ले गयी जहां पर आरोपी के खिलाफ मुरादाबाद एंटी करप्शन के प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी शिवकुमार के खिलाफ धारा -7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया और मुकदमे की विवेचना शैलेंद्र सिंह भ्रष्टाचार निवारण मुरादाबाद को सौपी है।

# अभ्युदय कोचिंग से रामपुर के दो छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत रामपुर शहर में राजकीय रजा इंटर कॉलेज में संचालित नि:शुल्क कोचिंग में अध्ययनरत तहसील स्वार के जालिफनगला निवासी कपिल कुमार का नीट यूजी-2025 में चयन हुआ है। कपिल पिछले 01 वर्ष से अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित इस कोचिंग में तैयारी कर रहे थे।

इसी प्रकार तहसील टांडा के अलीगंज बेनजीर के रहने वाले अर्जुन सिंह का भी एसएससी जीडी में अंतिम रूप से चयन हो चुका है, वे भी 02 वर्ष तक इस अभ्युदय कोचिंग में तैयारी कर रहे थे।

> अर्जुन को एसएससी जीडी और कपिल को नीट यूजी 2025 में मिली सफलता

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल के नेतृत्व में जिले में अभ्युदय कोचिंग का बेहतर ढंग से संचालन किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जनपद के गरीब परिवारों के बच्चों को अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है।

कोचिंग में बेहतर शिक्षा का माहौल विकसित करने के दृष्टिकोण से अनुभवी शिक्षकों के साथ-साथ उत्कृष्ट स्तर की अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध है।

# जैन समाज की नई कार्यकारिणी का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के जैन मंदिर परिसर एक ऐतिहासिक और गरिमामय अवसर का साक्षी बना, जहां जैन समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। इस आयोजन की अध्यक्षता चुनाव अधिकारी एडवोकेट पंकज जैन ने की, जिन्होंने नवचयनित पदाधिकारियों को दायित्वों की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष पद पर एडवोकेट प्रमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सेठी, महामंत्री कस्तूर चंद जैन, कोषाध्यक्ष अविरल जैन, मंत्री मनोज कुमार जैन, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी, बाग मंत्री समर्पण जैन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिद्धांत जैन, धर्मशाला एवं भंडार मंत्री अंकुर जैन शामिल रहे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद कुमार जैन ने 12 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसे चुनाव अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। घोषित कार्यकारिणी में डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार जैन, एड. पंकज जैन, जितेंद्र कुमार जैन, डॉ. प्रदीप कुमार जैन, भारत भूषण जैन शराराश, अनिल कुमार जैन, रजत राज जैन, गौरव जैन, राहुल जैन, अमन जैन सेठी, विवेक जैन खंडेलवाल और संजय जैन को शामिल किया गया।

इस गरिमामयी अवसर पर समाज के वरिष्ठजन और



गणमान्य नागरिक जैसे चौधरी विमल कुमार जैन, विनोद बिहारी जैन, दिनेश कुमार जैन खंडेलवाल, सुभाष चंद्र जैन, श्रेयांस कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, महेश चंद जैन, नितिन कुमार जैन, एडवोकेट प्रदीप जैन, राजीव जैन, सुरेश जैन, अंकित जैन, विशाल जैन, आशीष जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

समारोह के अंत में सभी ने समाज के समग्र विकास, धार्मिक, शैक्षिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। नई टीम के गठन को लेकर समाज में उत्साह का वातावरण है और लोगों को उनसे नए और प्रभावशाली कार्यों की उम्मीद है।

सेवा मंडल ग्रुप जैन मंदिर फूटा महल रामपुर की तरफ से सभी पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण के बाद स्वागत फूल माला और पटका पहनाकर किया गया।

# चोरी की घटनाओं को रोकने में विफल होने वाले अधिकारी हटाए जाएं : शंखधार

## 17 दिनों में चोरों ने बनाया एक दर्जन घरों को निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक एवं चौकी प्रभारी थाना मिलक को हटाए जाने की मांग की है।

आदेश शंखधार ने बताया है कि थाना मिलक क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 17 दिनों में चोरों के द्वारा कुल 12 घरों को अपना निशाना बनाया गया है। जिसमें बड़ी बड़ी चोरी की घटनाएं घटित हुई हैं एक चोरी की घटना में एक व्यक्ति का लाइसेंसी रिवॉल्वर भी चोरी हुआ है। यह अत्यंत गंभीर प्रकरण है। जबकि थाना मिलक पुलिस के द्वारा निरंतर आम जनता को आश्वस्त किया जाता है कि हमारे रहते हुए किसी को भी कोई असुविधा नहीं होगी लेकिन उसके बाबजूद भी निरंतर चोरी की घटनाएं घटित हो रही हैं। जिससे आम जनता में भय का माहौल है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी कहते हैं कि पूरे प्रदेश में अब कानून का राज स्थापित है तथा चोर, डकैत, माफिया, गुंडा और मवालियों में पुलिस का खौफ है लेकिन मुख्यमंत्री के इस कथन को थाना मिलक पुलिस सच साबित करने में नाकाम साबित हो रही है। जबकि एक सभ्य समाज के सभ्य व्यक्ति को थाने के अंदर जाने में डर लगता है वहीं कुछ ऐसे लोग हैं जो कि प्रतिदिन बिना किसी निजी कार्य के थाने में देखे जा सकते हैं आखघ्रि उनका ऐसा क्या काम है जो कि वह व्यक्ति प्रत्येक दिन थाने में आते रहते हैं। इसका खुलासा थाने में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों से किया जा सकता है।

इसकी गंभीरता पूर्वक जाँच की जानी चाहिए। पत्र में आग्रह किया गया है कि थाना मिलक क्षेत्र के अंतर्गत हुई सभी चोरी की घटनाओं का अति शीघ्र खुलासा किया जाए तथा सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य हो जिससे कि आम जनता में पुलिस से मित्रता का भाव दिखाई दे और अपराधियों में भय का माहौल बने इसके लिए रात्रि में गश्त बढाई जाए और जनहित में प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक एवं चौकी प्रभारी थाना मिलक का स्थानांतरण अति शीघ्र कराया जाए।

# सरकारी विद्यालयों को मर्जिंग के आदेश के खिलाफ रामपुर के टीचर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को ऐसे विद्यालय जिसमें नामांकित छात्र संख्या 50 से कम है को बंद करते हुए निकट के विद्यालयों में पेयरिंग करने की प्रक्रिया के संबंध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर में आहूत की गई बैठक में मर्जिंग से प्रभावित विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं ब्लॉक के शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे नरेंद्र सैनी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कम छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों के मर्ज करने से गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार ने कहा विद्यालय की पेयरिंग हो जाने के बाद शत प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करना सरकार के लिए कठिन हो जाएगा जनहित में उपरोक्त तथ्यों को ध्यान रखते हुए विद्यालयों को मर्ज ना किया जाए।



जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ चरन सिंह कि सरकार विद्यालय को मर्ज करके परिषदीय विद्यालयों को साजिशन बंद करना चाहती है इससे गरीब मजदूर बेसहरा, असहाय लोगों के बच्चे अशिक्षित हो जाएंगे और प्राइवेट स्कूलों के द्वारा उनका आर्थिक और मानसिक शोषण बढ़ जाएगा इसलिए सरकार को यह अमानवीय आदेश तत्काल वापस लेकर स्कूलों के मर्जर पर रोक लगानी चाहिए ग्राम प्रधान अजय कुमार कश्यप ने कहा कि मर्जर किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा इसके लिए संघर्ष किया जाएगा। ग्राम प्रधान राजीव सिंह ठाकुरद्वारा ने कहा मर्जर जनहित में नहीं है इससे गरीब ग्रामीणों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे फैसले का हम हर स्तर पर विरोध करेंगे इस अवसर पर ब्लॉक कोषाध्यक्ष अमितेश झा के साथ-साथ सौरभ शर्मा, ललित कुमार ,मेजर सिंह ,साकिब अली, प्रेमपाल अनुसेंद्र चौहान, मुजीब कमाल आदि सैकड़ों शिक्षक एवं ग्राम प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य अभिभावक गण उपस्थित है रहे।

# पचास से कम संख्या वाले विद्यालयों को बंद करना अव्यवहारिक : प्रबंध समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्र.अ./इ.अ.,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष/सदस्यों, ग्राम प्रधान तथा विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों के माता-पिता / अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में तहसील प्रभारी राकेश कुमार ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि पेयरिंग के नाम पर जिस तरह 50 से कम नामांकित विद्यालयों को बन्द किया जा रहा है, पूर्णत: यह अव्यावहारिक है। इससे भविष्य में विद्यालयों में प्र.अ. के पद समाप्त हो जायेंगे तथा पदोन्नति का रास्ता बन्द हो जायेगा एवं अध्यापक रिक्तियां कम हो जायेंगी। बैठक में ब्लॉक कार्यसमिति के ब्लॉक मंत्री महेंद्र कुमार ने कहा कि पेयरिंग/मर्ज का फैसला समझ से परे है क्योंकि इसमें बच्चों के हितों का अहित होता है तथा वह शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार से वंचित होता है उन्होंने आगे कहा पेयरिंग से विद्यालयों में नामांकन में भारी कमी आयेगी क्योंकि घर से दूरी बढ़ जाने के कारण अभिभावकों का अपने बच्चों के प्रति या बच्चे के मन में अनजाने डर का भाव विकसित हो जायेगा तथा वह विद्यालय में नहीं आयेंगे, जो कि विद्यालय अस्तित्व के लिए ठीक नहीं है। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार/मत व्यक्त किए तथा पेयरिंग के विरोध में अभिभावकों व प्रबंधन समिति के अध्यक्षों/सदस्यों ने एक स्वर में इस प्रक्रिया के विरुद्ध, विरोध व्यक्त किया तथा संगठन के साथ एकजुट होकर संघर्ष करने का ऐलान किया।




बैठक की अध्यक्षता तरुण कुमार पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष ने तथा संचालन ललित चौधरी बैठक में सम्मिलित सुरेश गंगवार, सत्यदेव गंगवार, बृजपाल सिंह गंगवार, राकेश गंगवार, तेज सिंह, रिचा सिंह, महेंद्र कुमार ब्लॉक मंत्री, रोहित सक्सेना, अजय पांडे, राजीव पांडे, जाकिर रजा खान आदि ने बैठक में प्रतिभाग किया।




हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# शिक्षक ने की हेड कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार देर रात सुन्हैड़ा गांव निवासी और सहारनपुर में तैनात यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय पंवार 32 वर्षीय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अजय दो दिन पहले ही गृह प्रवेश के लिए छुट्टी लेकर गांव आए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। सुन्हैड़ा गांव में छुट्टी पर आए यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय पंवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव के ही शिक्षक मोहित पर है, जिनके बीच एक हफ्ते पहले क्रिकेट के दौरान झगड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार, गांव के ही रहने वाले मोहित नामक



मृतक का फाइल फोटो





प्राइमरी स्कूल शिक्षक ने अजय को उस वक्त गोली मार दी जब वह घर के पास टहल रहे थे। मोहित भी सहारनपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। दोनों के बीच एक सप्ताह पहले गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान कहासुनी हुई थी, जिसके बाद व्हाट्सएप पर भी विवाद बढ़ता गया। रविवार को दोनों आमने-सामने आए और बात इतनी बढ़ी कि मोहित ने तमंचा निकाल. कर अजय पर गोली चला दी। परिजन तुरंत अजय को सोनीपत के अस्पताल ले गए।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश है। पुलिस ने हत्या का मुक. दमा दर्ज कर लिया है और आरोपी शिक्षक मोहित की तलाश की जा रही है, जो घटना के बाद से फरार है।

## पिंकी को ग्राम प्रधान पद पर किया नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिरसली गांव में 14 मई को ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तभी से ग्राम प्रधान कपड़ खाली था और इस पर चुनाव को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। आज गांव में ग्राम पंचायत सदस्यों की वोट डाली गई जिसमें 11 वोट प्राप्त करने वाली पिंकी को ग्राम प्रधान नियुक्त किया गया है जबकि उनके प्रतिद्वंदी रिछपाल को मात्र चार वोट मिला।



इस दौरान जिससे विकास कार्य भी रुके हुए थे। प्रशासन ने यहां पर फिर से चुनाव करने की तैयारी शुरू कर दी जिसके बाद ग्राम पंचायत सदस्यों की वोटिंग कराई गई। सिर. सली गांव में 15 ग्राम पंचायत सदस्य हैं जिन्होंने आज पिंकी और रिछपाल के चुनाव में अपनी वोटिंग की पिंकी को 11 वोट मिले जबकि रिछपाल को मात्र 4 वोट मिले। पिंकी ने जीत दर्ज की और वह अब ग्राम प्रधान पद पर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी। वहीं पिंकी ने चुनाव जीतने के बाद कहा कि जो जिम्मेदारी ग्रामीणों ने उन्हें दी है वह उसे बको भी निभाएंगी। वहीं बड़ौत एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ है। प्रीति को15 में से 11 वोट मिले हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों ने वोटिंग की थी जबकि रिशिपाल को मात्र 4 वोट मिले हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल की तैनाती रही और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ।

## चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम का चल रहा तेजी से निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना वाया जागौश मार्ग शबगा गांव में चौधरी खजान सिंह पंवार की यादगार में खजान सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम का निर्माण बड़ी तेजी के साथ चल रहा है। इसकी भूमिका निभाने के लिए वृद्ध आश्रम का नेतृत्व शबगा गांव निवासी ट्रस्ट के चेयरमैन चौधरी सुभाष सिंह पवार कर रहे है। इन्हीं के नेतृत्व में यह कार्य चल रहा है लगभग 5 वर्ष पूर्व ईश्वर आश्रम की नींव चौधरी खजान सिंह पंवार ने रखी थी। इस मौके पर चेयरमैन चौधरी सुभाष पवार ने बताया कि इसका निर्माण कार्य काफी लंबे समय से बंद पड़ा था अब दोबारा से जनता की मांग को देखते हुए इस निर्माण कार्य को तेजी के साथ तेजी के साथ किया जा रहा है। जल्दी ही यह वृद्ध आश्रम बनकर तैयार हो जाएगा। इस वद्ध आश्रम में दूर दराज तक के वरिष्ठ बुजुर्ग वृद्ध इसमें रहने के लिए अपने उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस वृद्ध आश्रम में रहने के लिए हर तरीके की सुविधा बुजुर्गों के लिए तैयार की जाएंगे। रहना खाना चिकित्सकों की भरपूर सुविधा बुजुर्गों के लिए होंगे यह जानकारी ट्रस्ट के चेयरमैन चौधरी सुभाष सिंह पवार ने दी।

## चोरी का खुलासा न होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोठरा गांव में अज्ञात चोरो ने दो मकानों पर धावा बोल 25 लाख रूपये के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये थे दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नही कर पायी है जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए घटना के खुलासे की मांग की है।

गोठरा निवासी राहुल पुत्र उमेश ने बताया था कि वह दिल्ली में जाब करता है। देर रात जब वह दिल्ली से लौटा था तो घर के आखिर में बने कमरे मे सो गया था जबकि परिवार के अन्य सदस्य अन्य कमरे मे सोये हुए थे। पीड़ित ने बताया था कि सुबह जब आख खुली तो घर के कमरे को कपड़ो बिखरे पड़े थे। उन्होंने घर के अन्दर बने कमरे और घर की छत पर बने कमरे मे जाकर



देखा तो समान बिखरा मिला जब उन्होंने अलमारी संदूको के समान बिखरा देखा तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला था। उन्होंने अलमारी देखी तो उसमे रखे राहुल और उसके भाई आकाश और अरूण के सोने के जेवरात सोने की चेन, गले का हार, झुमकी सहित 17 तोला सोना और आधा किलो चांदी व 50 हजार नगद चोरी हुआ मिला था जिससे परिवार में हडकम्प मच गया था। उन्होंने शोर मचाया तो आस पडौस के लोग भी इकट्ठा हो गये थे। पीड़ित ने बताया कि लगभग 18 लाख की चोरी हुई थी। वही उन्हें पता चला की गांव के ही लोकेश पुत्र प्रीतम के यहा भी चोरी हुई है। ग्रामीण जब वहा पहुंचे तो पता चला उनके यहा भी चोर गेट के रास्ते से घर मे अन्दर आये और सात तोला सोना जिसमे सोने की चेन, सोने का हार, कान की झुमकी, नाक की लोग चोरी हुई मिली। वही 15 हजार रुपये चोरी हुये मिले थे। पीड़ित परिवार ने बताया कि लगभग सात लाख की चोरी हुई थी। पीड़ित परिवारो ने पुलिस को सूचना दी है थी। मौकें पर पुलिस ने मुआवना भी किया है। वही लोकेश के चोरी के बाद चोर सीसीटीवी केमरे मे भी कैद हो गये थे। घटना के दो दिन बीत जाने पर भी चोरी की घटना का खुलासा नही हुआ है जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में विनोद, सतपाल, कुलदीप, मुकेश, योगेन्द्र, सुरेन्द्र, किशोर, फिरेराम, पवन, नरेश, सुख्खन, दिनेश, मिंटू प्रधान, अशोक, उधम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पाठशाला चौकी के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार किसान वेदपाल को टक्कर मार दी। इलाज के दौरान वेदपाल की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सांकरौद गांव के रहने वाले वेदपाल किसान थे और समाज सेवा में भी सक्रिय रहते थे। सुबह के समय वह गांव से पाठशाला किसी काम से आए थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वेदपाल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में तीन बेटे, एक बेटी और पत्नी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चलती ट्रेन में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म, यात्रियों ने युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर रेलमार्ग पर चलती ट्रेन में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म की वारदात ने सबको झकझोर दिया। बच्ची अपने दादा के साथ दिल्ली से खेकड़ा जा रही थी। यात्रियों के मुताबिक, ट्रेन जब खेकड़ा स्टेशन के पास थी, तब एक युवक बच्ची को बहला-फुसलाकर दूसरे डिब्बे में ले गया और वहां अंधेरे में अश्लील हरकत करने लगा। इसके बाद उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। घटना देख यात्रियों ने तुरंत हंगामा शुरू कर दिया और आरोपी युवक को पकड़ लिया। मौके पर ही उसकी जमकर पिटाई की गई। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाई। यात्रियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस के सामने भी विरोध जताया। जीआरपी थाना प्रभारी उधम सिंह तालान ने बताया कि बच्ची के परिजनों की सहमति से उसका मेडिकल कराया जाएगा। आरोपी शामली निवासी बताया जा रहा है। मेडिकल और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। जिसमें जीआरपी जवान आरा. पी को ले जाते दिख रहे हैं। एक अन्य वीडियो में यात्री बच्ची के दादा का हौसला बढ़ाते नजर आ रहे हैं। वे कह रहे हैं- गलत हुआ है, लेकिन तुम डरो मत, हम सब तुम्हारे साथ हैं। एक महीने पहले मारपीट के बाद एक युवक को ट्रेन से नीचे फेंक दिया गया था। खेकड़ा के दीपक की हत्या भी चलती ट्रेन में हो चुकी है। इसके बाद भी सीट को लेकर मारपीट की घटनाएं हुईं। अब बच्ची से दरिंदगी की घटना ने यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हर-हर महादेव के जयकारों के साथ मंजिल की तरफ बढ़ने लगे कांवडिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दाहा।** सावन माह शुरू होने से पहले ही कांवड़ियों का आवागमन शुरू हो गया है। कांवड़िए गंगाजल लेकर आ रहे है और लोग उनका स्वागत कर रहे हैं। महाशिवरात्रि का पर्व 23 जुलाई को मनाया जाएगा और पुरामहादेव मंदिर में चार दिवसीय मेला 21 जुलाई से शुरू हो जाएगा। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िएं भी आने शुरू हो गए है। बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है और लोग भी उनका स्वागत कर रहे हैं। दाहा गांव में 101 लीटर गंगाजल लेकर पहुंचे हरियाणा के बिलासपुर निवासी वरुण, दिव्यांशु व गगन ने बताया कि 14 जून को हरिद्वार से गंगा जल लेकर चले थे और 23 जुलाई को अपने गांव के शिव मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। वह रोजाना आठ किलोमीटर का सफर तय करते हैं और भगवान शिव के जयघोष से उनके सभी कष्ट व दर्द दूर हो जाते हैं।

### विद्यालयों का विलय हुआ, तो शिक्षक करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की रविवार को बागपत में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डा. जितेंद्र नैन ने कहा कि यदि विद्यालयों का विलय किया गया तो शिक्षक आंदोलन करेंगे और कार्य बहिष्कार से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने विधायक योगेश धामा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्णय को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यालयों का विलय कर शिक्षकों के खाली पड़े पदों को समाप्त करना चाहती है। पहले से ही शिक्षकों की भर्ती नहीं हो रही है और ऊपर से विद्यालयों का विलय किया जा रहा है। सरकार अपनी नाकामी को छिपाकर ऐसा कार्य कर रही है। विद्यालयों का विलय होने से गरीब बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ेगा, क्योंकि जिले में ऐसे कई विद्यालय है, जो कई किलोमीटर की दूरी पर हैं। बच्चों को आने जाने में परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की ओर से जबरन सहमति लेने का कार्य किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भाजपा विधायक योगेश धामा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विलय के निर्णय को वापस लेने की मांग की। इस दौरान डा.पदम सिंह, संजय कुमार, सुशील कुमार, शौकेंद्र मान, नीरज उज्ज्वल, उत्तम सोलंकी व प्रदीप तोमर आदि मौजूद रहे।

### तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** लूंब गांव में रविवार देर रात तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर हुए झगड़े में पंकज और शिवम पक्ष के बीच लाठी डंडे चल गए। इसमें एक महिला समेत छह लोग घायल हो गए, जिनका सीएचसी में उपचार कराया गया। लूंब गांव में पंकज अपने परिवार के साथ घर में बच्चे का जन्मदिन मना रहा था। इसको लेकर घर में गाने बजाए जा रहे थे। तभी वहां आए पड़ोसी शिवम ने इसका विरोध किया। इसको लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। झगड़े में एक पक्ष के पंकज, प्रेमपाल और शर्मिष्ठा, दूसरे पक्ष से शिवम, रितिक समेत तीन घायल हो गए। इस मामले में पुलिस का कहना है कि सीएचसी में घायलों का उपचार कराया गया। जहां से महिला समेत दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसमें तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़कों पर भरा बरसात का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना वाया जागौश मार्ग की सड़क पर बरसात का पानी सड़कों पर भर जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के आवागमन में हुई भारी परेशानी वाहनों को किचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क किनारे खेतों के किसानों ने मिट्टी के ढ़ेर लगाकर अपने खेतों से पानी रोक दिया है। इस मार्ग से कोताना जागौश शबगा गांव के लोगों का वाहनों से निकलने का आवागमन होता है।

इन गांवों के लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क पुरी तरह से टुट गई है। बाइक पर चलने वाले लोग कई बार इस कीचड़ में गिरकर घायल हो गए। बाइक सवार फिसल कर गिर जाते हैं। रविवार को कई वाहन चालक फिसल कर



गिर गए जो छोटिल लोग गए थे। ग्राम वासियों ने पानी की व्यवस्था ठीक कराने जल भराव से हो रही परेशानी को दूर करने पानी निकासी की समस्या का समाधान किए जाने की एसडीएम मनीष कुमार यादव से गुहार लगाई है।

कोताना गांव के समाजसेवी मिटु जाटव भावी प्रधान डा.इंद्र सैंन शिवा कुमार गोलु कुमार विनोद त्यागी पोली त्यागी फैना खां संजीव शर्मा रुपेश शर्मा पूर्व प्रधान पति बालेश्वर प्रजापत राजेंद्र कुमार पुष्पेंद्र कुमार अश्वनी शर्मा हरिओम नफीस अहमद रिजवान चौधरी सलीम चौधरी कस्सार अहमद आदी लोगों को कहना है कि इस मार्ग से सावन माह में कांवड़ यात्रा लेकर शिवाभक्ति शिव भक्तों का जनशैलाब भी उमड़ता है। इन्हें भी आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पिछले वर्ष भी पानी अधिक भार जाने से कावड़ मार्ग पर शिव भक्तों को आने जाने में परेशानी का काफी सामना करना पड़ा था। इस मामले को लेकर यहां धरना प्रदर्शन भी किया गया था। एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन ने जिम्मेदारी निभाने का काम किया था तब जाकर समस्या का समाधान पिछले वर्ष हुआ था। इस वर्ष भी यह समस्या गंभीर बनी हुई है।

## ग्राम पंचायत की जमीन से हटवाया अवैध कब्जा



**रटौल।** सिंगोली तगा गांव में ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा कर बैठे व्यक्ति से तहसील प्रशासन टीम ने मौकें पर पहुंच अवैध कब्जा हटवाया।

सिगोली तगा गांव में खसरा सख्या 280 में ग्राम पंचायत की भूमि दर्ज है जिसमे 100 गज जमीन पर गांव के ही फोनू पुत्र ईश्वर ने टीन सेड़ डालकर पशुओं के लिए आसरा बना रखा है जिसकी शिकायत गांव चन्द्र प्रकाश ने तहसील प्रशासन से की थी जिससे गम्भीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन टीम से तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव कानूनों अनिल कुमार, लेखपाल सहेनद्रपाल, सजीव राठी ने मय पुलिस बल के सिगोली तगा गांव पहुंच जमीन की पैमाईश कर जमीन को कब्जा मुक्त करायी कब्जा हटाते वक्त टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा।

## बिजली का गहराया संकट, मच्छरों से परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे शहर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने इंदिरा आवास डुडा कालोनी स्थित बुढाना रोड़ बडौत पर कालोनी वासियो की गम्भीर समस्याओ को लेकर वहां लोगों से मिले मोके पर जाकर देखा कालोनी का मेन कच्चा रास्ता जल भराव के कारण आने जाने का पुरा रास्ता बाधित है। आवागमन मे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कालोनी वासियों में जितेन्दर संजय सिंह चोहान सविता देवी बाला देवी दीपक शिमला देवी नीरज कुमार ज्योति शिवानी आदि ने बताया कि बिजली पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली का गहरा संकट होने के कारण समस्त परिवार रातभर मच्छरों से परेशान रहते है। बीमारी



फैलने की आशंका है बिल्डिंग व छज्जे जर्जर स्थति मे है। बारिश में उपरी छतें टपकती है। कालोनी मे लगभग 165 परिवार रहते है। 10 वर्षो से कोइ सुनवाई नहीं हो रही अगर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। देवेन्द्र शर्मा रविन्द्र तोमर डाक्टर सुभाष शर्मा औमवीर सिंह बिजेन्दर शर्मा जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी, औकार दत्त ने सभी समस्याएं सुनकर जल्दी उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिलाया।

## आम की दावत में पत्रकारों का एकजुटता पर विचार मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के बड़ौत नगर में हुई आम की दावत में जनपद के अनेक पत्रकारों ने प्रतिभाग कर उनके सामने आ रही समस्याओं के निराकरण को गहन विचार मंथन किया। सभी ने पत्रकारों की एकजुट पर सहमति जताई।

नगर के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित न्यू इंडियन फूड रेस्टोरेंट में आयोजित आम की दावत में पत्कारों ने जनपद में पत्रकारों के सामने आ रही अनेक समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की। सभी ने सर्वसम्मति से पत्रकारों की एकजुटता पर अपनी सहमति दी और कहा कि किसी भी मामले में सभी पत्रकारों को अपनी एकजुट का परिचय देना चाहिए। पत्रकारों के हित में दुर्घटना बीमा, आयुष्मान



चिकित्सा कार्ड, पेंशन, रेल यात्रा के किराये में छूट आदि अनेक निर्णय लिए गए। कार्यक्रम के संयोजक पत्रकार मनोज उज्ज्वल ने कहा कि जब तक जनपद के सभी पत्रकार एकजुट नहीं होंगे तब तक वे चौन से नहीं बैठेंगे। वे सभी पत्रकारों को एक सूत्र में पिरोने का काम करेंगे। उन्होंने कहा यदि सभी पत्रकारों का सहयोग मिला तो वे आपसी मनमुटाव को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार विश्व बंधु शास्त्री, डा.जेपी त्यागी, विवेक कौशिक, धर्मपाल गिरी, राज सिंह मलिक, अनिल शर्मा, विनीत कौशिक, बिजेन्दर राणा, राजू भारद्वाज, हैदर मलिक, सुनील बिनौली आदि पत्रकारों ने भी पत्रकारों की एकता व संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखें।

## ग्राम पंचायत सदस्य के परिवार पर हमला, मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** लूंब गांव से ग्राम पंचायत सदस्य बबीता देवी के परिवार पर रविवार रात्रि को उनके ही पड़ोस में रहने वाले दबंग लोगों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया, जिसमें ग्राम पंचायत सदस्य बबीता देवी उनके पति दीपक देवर पंकज सास सविता गंभीर रूप से घायल हो गए। पंकज व सविता को मेरठ भेजा गया और बाकी का उपचार छपरौली हॉस्पिटल में चल रहा हैं। आज मनीष चौहान समा. जसेवी के साथ परिवार के अन्य लोग छपरौली थाना प्रभारी से मिले और मुकदमा दर्ज करवाया।

## छत्रपति शाहूजी महाराज की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के लोगों ने डा.अंबेडकर शिक्षा प्रसार समिति मेरठ के तत्वाधान में शहीद ओमप्रकाश वाल्मीकि छात्रावास मेरठ में कार्यक्रम आयोजित कर छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुंदरलाल व अध्यक्षता रमेश चन्द गेहरा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि पीसी राजा व दानवीर सिंह ने डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता एवं समिति अध्यक्ष जेपी सिंह विद्यार्थियों से छात्रावास में मुफ्त में बेहतर शिक्षा ग्रहण करने का आहवान किया। शिवचरण ने समाज को शिक्षित व संगठित करने पर बल दिया अनिल



कुमार द्वारा बहुजन महापुरुषों कि विचारधारा जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया। अजय कुमार बहोत बहुजन समाज में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में वंचितों को अधिकार दिलाए तथा छुआछूत से दलित समाज को सामाजिक न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई अशोक सागर ने बाबा भीमराव अंबेडकर की विचारधारा पर विस्तृत प्रकाश डाला। मदन तपेश्वर ने साहू को बहुजन एवं वंचितों का समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर एस.पी सिंह फतेहचंद शिवचरण कम्मू ठेकेदार विजेंद्र सिंह ब्रह्म सिंह सचिन ओमदत नीरज मुकेश अशोक मनोज सोनू के.पी सिंह चंद्रपाल सुनील शिवकुमार नीरज राकेश मोहित वेद आर्यन खुशी शिवानी डोली संध्या शालिनी शिवम वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार की देर शाम को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोरों को एक छोटा हाथी पिकअप वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 14 वर्षीय आयुष की मौत हो गई, जबकि 15 वर्षीय अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, सिखेड़ा गांव निवासी आयुष अपने पड़ोसी अभिषेक के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से पिलखुवा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे न्यू सैनिक स्कूल के पास पहुँचे तभी पीछे से आ रहे छोटा हाथी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों किशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद, पिकअप चालक ने घायलों को पास के निजी अस्पताल



पहुँचाया और उनके परिजनों को सूचना दी। दुर्भाग्यवश, उपचार के दौरान आयुष ने दम तोड़ दिया। आयुष के परिजनों ने बताया कि वह कक्षा दसवीं का छात्र था और अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मृत्यु की खबर सुनकर उसकी माँ और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, अभिषेक की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और डाक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छोटा हाथी और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## पार्टी में नई जान फूंकने के लिए कांग्रेसियों ने की संगठन पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने पिलखुआ में लोगों के साथ संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन पर एक चर्चा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। पार्टी में एक नई जान फूंकने के लिए कांग्रेस के पदाधिक. ारियो और कार्यकर्ताओं के द्वारा जनपद में हर स्तर पर लोगों के बीच जाकर संगठन पर चर्चा और बैठके की जा रही है। इस दौरान पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष मदन सिंह चौहान, कपिल शर्मा,



विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरत लाल शर्मा, रजत त्यागी, महबूब, कय्यूम सलमानी, मोहम्मद परवेज, मुकेश शर्मा, सुधीर शर्मा, योगेन्द्र, विनोद शर्मा, मोहम्मद अली पहलवान, आरिफ चौधरी, यूनुस खान, शाहिद मालिक, कलीमुद्दीन, लुकमान आदि लोग मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सामाजिक संस्था नवोदय युवा समिति के तत्वाधान में पौधारोपण किया गया जिसमें फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। रेलवे रोड पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी ने पौधारोपण करके प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया और एक पौधा जरूर लगाने का आहवान किया।

संस्था के विनय शर्मा ,डोली कार्दमवाल ,महेंद्र सिंह सैनी ,जतिन सिंह ,आदि ने पौधों के साथ के जागरूकता मार्च निकालकर पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया और प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा जरूर लगाने का आहवान किया। इस दौरान महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि आज वातावरण में बहुत अधिक गर्मी और पानी का जलस्तर नीचे जा रहा है जो एक समस्या बनता जा रहा है इसलिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा लगाना जरूरी है।

# आरोग्य अस्पताल में रोटरी कैंसर सोसाइटी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के आनंद विहार सबली रोड स्थित आरोग्य अस्पताल में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने रोटरी हापुड़ कैंसर सोसाइटी का शुभारंभ किया। अस्पताल के चेयरमैन डा. पराग शर्मा ने बताया कि कैंसर के बढ़ते मरीजों और बड़े शहरों में इलाज की मुश्किलों और ज्यादा लागत को देखते हुए इस सोसाइटी का गठन किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य विश्वस्तरीय मानकों पर कैंसर की जांच और इलाज को सुलभ, सरल और किफायती बनाना है।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें डा. विपन गुप्ता, रोटरी क्लब के सचिव प्रदीप त्यागी, अभिमन्यु इंडस्ट्रीज के चेयरमैन दीपक अग्रवाल, अस्पताल



के डायरेक्टर अनुराग शर्मा, विवेक शर्मा, डा. अंकित गोयल, डा. राहुल शर्मा, अरेंद्र चौधरी, मनोज जिंदल, अतुल शर्मा, पंकज सिंघल, नितिन और गिरीश शर्मा शामिल थे। इसी अवसर पर आरोग्य अस्पताल में प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डा. नित्यानंद शर्मा और डॉ. पराग शर्मा ने मिलकर गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी लैब का भी शुभारंभ किया। इस लैब में एंडोस्कोपी, कैप्सुलर एंडोस्कोपी, ईवीएल, ईआरसीपी, कोलोनोस्कोपी, मैनोमेट्री और फाइब्रोस्कैन जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। डा. पराग शर्मा ने बताया कि अब तक मरीजों को इन जाँचों और इलाजों के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब ये सभी सेवाएँ हापुड़ में ही मिल सकेंगी। उद्घाटन समारोह में डा. विपन गुप्ता, प्रदीप त्यागी, दीपक अग्रवाल, अनुराग शर्मा, विवेक शर्मा, डा. राहुल शर्मा, डा. अंकित गोयल, अभिषेक कौशिक, विजय शंकर शर्मा आईआईए, अरेंद्र चौधरी, मनोज जिंदल, अतुल शर्मा, पंकज सिंघल, नितिन और गिरीश शर्मा भी मौजूद थे।

## ब्रिटेन की संसद में भारत का गौरवगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले का नाम एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चमका है। सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स के वाइस प्रेसिडेंट मरगूब त्यागी ने हाल ही में ब्रिटेन की संसद में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने गर्व से घोषणा की भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में मरगूब त्यागी ने भारत की मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था, तेज़ी से हो रहे आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग की नीति पर ज़ोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, शिक्षा, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के गहरे संबंधों को रेखांकित किया। मरगूब त्यागी ने यह भी बताया कि कैसे



दोनों देशों को अपने सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ज़रूरत है। दुनिया भर के उद्योगपतियों, नीति-निर्माताओं और व्यापारिक नेताओं की उपस्थिति वाले इस मंच पर मरगूब त्यागी द्वारा भारत का पक्ष मजबूती से रखना हापुड़ सहित पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उनके इस योगदान से हापुड़ जनपद का नाम वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है।

## एक नजर



### यूपी बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रयागराज में आयोजित यूपी बैडमिंटन प्रतियोगिता 70 प्लस में गोल्ड मेडल जीतने वाले हापुड़ निवासी व पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुधीर गोयल को जिला प्रभारी मंत्री ने सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रयागराज 70+ में सिंगल एवं डबल में गोल्ड मेडल जीतने वाले भट्टा व्यवसायी व पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुधीर गोयल को सोमवार को सर्किट हाउस में जिला प्रभारी मंत्री व कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गढ़ अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर , भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, गढ़ विधायक हरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक जय प्रकाश, एडवोकेट कृष्णकांत गुप्ता , पुनीत गोयल, मोहन सिंह,श्यामेन्द्र त्यागी ,पवन गर्ग, प्रभात अग्रवाल आदि ने भी उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

### चैकिंग के दौरान तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से तीन अवैध चाकू बरामद हुए हैं। युवकों की पहचान सुहैल मौहम्मद पुत्र मुख्तयार निवासी मोहल्ला पीरबाउद्दीन शिवदयालपुरा, जान मौहम्मद पुत्र शमसुद्दीन निवासी मोहल्ला पीरबा. उद्दीन थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ और कामरान पुत्र जमालुद्दीन निवासी मिद्वेपुर थाना गुलाबठी जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे जिन्हें थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को चार वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को चार वर्ष का साधारण कारावास व 5,500-5,500 रुपये कुल 11,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए सोमवार को न्यायालय द्वारा जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को दंडित कराया गया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि 4 दिसम्बर 2022 को आबिद व बाबर पुत्रगण नाजिम निवासी ग्राम मुरादपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ द्वारा वादी के घर में घुसकर गाली-गलोज करना व जान से मारने की नीयत से मारपीट कर घर पर पथराव करना व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली मुकदमा दर्ज किया गया था और गत 14 फरवरी 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। सोमवार को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश हापुड़ द्वारा 4 वर्ष का साधारण कारावास व 5,500-5,500 रुपये कुल 11,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## चाकू रखने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध रूप से चाकू रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2006 में आरोपी गुल्फाम द्वारा अवैध रूप से चाकू रखने के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।इसी क्रम में सोमवार को न्यायालय द्वारा गुल्फाम पुत्र इन्तजार निवासी आलमगीरपुर को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 2 माह 10 दिवस व 1,200 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को मिले लाभः प्रभारी मंत्री

**हापुड़।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। सर्वप्रथम गत बैठक की अनुपालन आख्या से मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। दिशा बैठक के दौरान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रमीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना, मृदा स्वस्थ कार्ड, अमृत योजना तथा अन्य योजनाओ की समीक्षा पर मंत्री ने सभी अधिकारियो से योजनाओं को निर्धारित अवधि मे पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा की जिनकी पेंशन शासन स्तर पर लम्बित है उनके लिये जिला समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत प्रयास कर ले। समाज कल्याण विभाग में सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनमें निरंतर करवाई सुचारू रहनी चाहिए। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने, कार्यो मे तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये। प्रभारी ने सभी अधिकारी से अपने अपने विभाग के तहत कराये जा रहे कार्यो की जानकारी सम्बंधी विधायक को देने



को कहा। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि सभी अधिक. ारीगण अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को प्रभारी मंत्री के द्वारा प्राप्त निर्देशन में काम करें तथा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरे। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, विधायक सदर विजयपाल, विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, जनप्रति. निधिगण, तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने की 61 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी की 61 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस सूची पर मुहर लगाई है। नवनियुक्त पदा. धिकारी कोषाध्यक्ष भागीरथ उर्फ भरतलाल शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रपाल केन, डाक्टर फराहीम, चौधरी मुर. सलीन, हरिओम चौहान, रवींद्र गुर्जर, रामप्रसाद जाटव, अमरनाथ शर्मा, जितेंद्र सिंह और विक्की शर्मा महासचिव नौशाद चौधरी, कृष्ण प्रजापति, कय्यूम सलमानी, अरुण चौधरी, जकरिया मनसबी, इकबाल प्रधान, गौरव गर्ग, यशपाल ढिल्लो और त्रिनेत्र गोयल सचिव कपिल शर्मा, राहुल शर्मा, गुलफाम कुरैशी, सविता गौतम, चेतन प्रकाश यादव, सुबोध शास्त्री, धर्मेंद्र कश्यफ, पंकज चौधरी, अनुज कुमार, सावन चौधरी, संजय छाबड़ा, ओमवीर नागर, डाक्टर महबूब, कुलदीप शर्मा, रवींद्र शर्मा, गांधी सरदार, मोहम्मद परवेज, अरुण प्रजापति, लाल बहादुर, प्रतिभा चौधरी, काम. रान खान, हर्षवर्धन अग्रवाल, ठाकुर सुखेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, करण यादव, बृजेश कश्क, गीता, महेंद्र सिंह मौर्य, कौशल पांडियान, रीना वर्मा, प्रीति यादव, मोनिका शर्मा, वीणा, सीमा, पूजा रानी, रीना कुमारी, बबीता और विनीता चौधरी, जिला प्रवक्ता एडवोकेट शहजादा चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष त्यागी, कार्यालय सचिव प्रेमचंद, कंट्रोल रूम प्रभारी, गोपाल भारती। इस कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 9 महासचिव और 38 सचिव नियुक्त किए गए हैं।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में एक गरिमामय और भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने अपने सेवाकाल में जिस निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से कार्य किया है। वह युवा पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्जवल भविष्य, उत्तम



स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। समारोह में मौजूद अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सेवानिवृत्त सहयोगियों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। पूरा माहौल भावुकता और सम्मान से भरा रहा।

# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले 6 आरोपी गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस की एन्टी रोमियो टीम ने जगन्नाथ यात्रा के दौरान लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर की एन्टी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्रांर्तगत निकल रही जगन्नाथ यात्रा के दौरान लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले 6 आरोपियों को चण्डी मंदिर रोड से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान प्रदीप पुत्र रज्जो निवासी इंद्रगढी चौकी अयोध्या पुरी थाना हापुड देहात जनपद हापुड़, रोहित पुत्र कन्छी निवासी अयोध्यापुरी मीनाक्षी रोड थाना हापुड देहात जनपद हापुड़, साहिल पुत्र प्रदीप निवासी सुभाष नगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड़, सचिन पुत्र चरणदास निवासी रामगढी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़, दानिश पुत्र मौ. अजीज निवासी मजीदपुरा गली नं. 03 थाना हापुड़ नगर हापुड़, कुलद. ीप पुत्र गोपाल निवासी मीनाक्षी रोड चौकी गढ़ थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।

## नेशनल बुक ट्रस्ट ने की जलशक्ति पर आधारित किताबों की प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा नमामि गंगे, जलशक्ति मिशन पर आधारित किताबों की प्रदर्शनी व अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेशनल बुक ट्रस्ट (राष्ट्रीय पुस्तक न्यास) के विपणन कार्यकारी अधिकारी कुलदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आयोजन 4 जुलाई तक अनेक स्थानों पर ऐसे ही आयोजन कराये जायेंगे। नगर के रेलवे रोड स्थित सर्वोदय इंटर कालेज में कालेज प्रबधक संजीव शर्मा व रमपुरा के एम एस इन्टर कालेज प्रबंधक के भारतद्वाज के सहयोग से में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं दूसरी ओर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पुस्तक प्रदर्शनी भी देखीं। प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली बच्चों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# जुलूस निकालकर इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को 4 मोहर्रम 1447 हिजरी को इमाम बारगाह सैयद जमाल हुसैन शाह सिकंदर गेट मे एक मजलिस का इंतखाब किया गया।

जिसमे जिला अमरोहा से आए आली जनाब मौलाना सैय्यद वली हैदर नकवी साहब ने खतिाब फरमाते हुए कहा की इमाम हुसैन अलेहिस्लाम ने किसी एक मज़हब के लिये कुर्बानी नही दी बल्की आलम-ऐ-इंसानियत को बाकी रखने के लिये कुर्बानी दी है। मजलिस के बाद जुल्जनाह और अलम बरामद किए गए। जिसके बाद अंजुमन हुसैनी के सोगवारों ने सिनाज़नी व मातम किया। जिसमे अंजुमन हुसैनी के नोहाखान अथहर अब्बास रिज़वी, मोहम्मद



अली नकवी आसिफ अली नकवी, ज़रगाम हैदर ज़ैदी, तहसीन हुसैन रिज़वी, मोमिन और अमन ने नोहाख्वानी करते हुए जलूस की शकल मे सिकंदर गेट इमाम बारगाह से किला कोना इमाम बारगाह मोहसिन अली से कोटला सादात व इमाम बारगाह रिज़वीया व इमाम बारगाह इक़बाल हुसैन से होता हुआ इमाम बारगाह नवाब अस्कारी मिरज़ा मेरठ गेट से होता हुआ खिड़की बाजार,पुराना बाज़ार होते हुए इमाम बारगाह सैय्यद जमाल हुसैन शाह सिकंदर गेट पर पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जिसका संचालन शिया मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष (सदर) सैय्यद राशिद हुसैन रिज़वी ने किया।

# कमिश्नर ने उद्योग बन्धु समिति की ली बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि परसाखेड़ा सब-स्टेशन पर पर्याप्त स्टाफ नहीं है, जिससे कि औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा एवं औद्योगिक आस्थान, सीबीगंज में विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर विद्युत विभाग को शिकायत करने के उपरान्त कई घन्टों तक विद्युत आपूर्ति सूचारू नहीं हो पाती है। जिसपर निर्देश दिए गए कि मुख्य अभियन्ता, विद्युत वितरण, बरेली तत्काल प्रभाव से एक जेई व अन्य सहयोगी स्टाफ की तैनाती करें, जिससे कि उद्यमियों की विद्युत से संबंधित समस्या का निस्तारण ससमय हो सके।

औद्योगिक आस्थान भोजीपुरा के नक्शे स्वीकृत किये जाने के संबंध में संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि ले-आउट प्लान मुख्यालय द्वारा अनुमोदित हो गया है। अब आवंटित भूखण्डों का मानचित्र स्वीकृत करने में किसी प्रकार की बाधा नही है।

बैठक में उपस्थित यूपीसीडा के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया है कि औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में जल भराव की समस्या के निस्तारण हेतु आरसीसी नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इस कार्य से सम्बन्धित डिटेल यथा निर्माणाधीन स्थल पर परियोजना का नाम एवं लागत का बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में लगा दिया गया है। बैठक में चर्चा के दौरान उद्यमियों द्वारा कार्य गुणवत्तापूर्वक हो रहा है कि पुष्टि की गयी।

औद्योगिक इकाईयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हेतु फतेहगंज के पास ग्राम टियूलिया पर 02 नं0-ट्रक ले बाई का निर्माण कराये जाने के संबंध में एनएचआई के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य हेतु निर्माण स्थल पर मोबिलाइज हो गया है, तथा वन विभाग की अनुमति भी प्राप्त हो गयी है। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के 01 नं0 ट्रक ले बनाये जाने हेतु स्थान चिन्हित कर लिया गया है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- **मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार, एक बदमाश के पैर में लगी गोली**
- **देवरनियां पुलिस को बारह दिनों में मिली दूसरी सफलता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** लगभग बारह दिनों के अन्दर कोतवाली देवरनियां पुलिस को दूसरी बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया, एक के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को कम्बिंग के बाद पकड़ लिया गया। उनके पास से पुलिस ने एक मोटर तथा एक पिकअप और 8500 रुपये की नगदी बरामद की है। बरामद माल की कुल कीमत 9 लाख रुपए बताई जा रही है। बदमाशों के दो साथी मौका पाकर फरार हो गए।

रविवार देर रात पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इसी बीच एक पिकअप को आते देखा जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपित भागने लगे, पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने दमखोदा के आगे बसंतनगर की नहर पुलिया पर पहुंचते ही पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई तो एक गोली एक बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह मौके पर घायल होकर गिर गया, जबकि दूसरे को पुलिस ने कांबिंग के बाद पकड़ लिया। घायल बदमाश ने अपना नाम थाना बहेड़ी के मितीडांडी निवासी जुनैद पुत्र मसीत बताया, और दूसरे ने अपना नाम अरमान पुत्र इम्तियाज निवासी जाम बाजार थाना बहेड़ी बताया। बदमाशों के दो साथी मौका मिलते ही फरार हो गए। गिरफ्तार किए दोनों बदमाशों ने पिछले दिनों कस्बा रिछा राइस मिल में हुई चोरी की घटना को भी स्वीकार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोटर व बोलेरो पिकअप गाड़ी और 8500 रूपए की नगदी, 315 बोर तमन्चा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। बरामद माल की कुल कीमत 9 लाख बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक जुनैद पर पहले से आठ मुकदमे दर्ज हैं। वह एक शातिर बदमाश है, जो चोरी और अन्य अपराधों में शामिल रहा है। पुलिस ने आज सोमवार को दोनों बदमाशों को जेल भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, वरिष्ठ उप निरीक्षक नवदीप सिंह, रिछा चौकी इंचार्ज देवेन्द्र सिंह राठी, उप निरीक्षक राहुल चौधरी, उप निरीक्षक चंदकीराम, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, राजीव कुमार, कांस्टेबल बिट्टू सिंह, रोहित कुमार, रवि कुमार, राजन शामिल रहे। इससे पूर्व 18 जून की रात्रि में भी देवरनियां पुलिस द्वारा मुठभेड़ में चोरी किये गये सामान सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था। यह देवरनियां पुलिस की लगभग 12 दिनों में दूसरी सफलता है। देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पुलिस बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में जुटी हुई है, बाकी फरार चल रहे अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### संदिग्धों के बारे में पुलिस को सूचना दें

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने आम जनता से अपील की है कि वे संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। इससे अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहेगी। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि वह आम जनता के साथ मिलकर काम करेंगे, और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अपराधी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

# बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे के मेन रोड पर रोशनी के लिए डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे में रविवार को रात में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

सूचना पर पहुंची नगर पालिका की टीम ने अग्निशमन यंत्रों से तुरंत प्रभाव से आग पर काबू पाया। इससे करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस खंभे में आज कई बार फाल्ट हुआ है। गनीमत रही कि आग लगने से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, आग लगने की ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बिजली के खंभों और तारों की नियमित जांच करना आवश्यक है। साथ ही, आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

# आतंकवाद का सफाया करके ही महफूज रह सकता है पाकिस्तानः तौसीफ मियां

- **आतंकवाद को परवान चढ़ाने वाले एक दिन खुद आतंकवाद का शिकार बनने लगते हैं: तौसीफ मियां**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 44वें उर्से नूरी की तैयारियों के संबंध में दरगाहे आलाहजरत की राष्ट्रीय संस्था जामिया आलाहजरत में एक अहम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसका संचालन

प्रधानाचार्य मुफ्ती खुर्शीद आलम साहब ने किया। उन्होंने उर्से नूरी की अहमियत पर रौशनी डाली, उसके बाद मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए संस्था के डायरेक्टर नबीरा-ए-आलाहजरत हजरत मुफ्ती मोहम्मद फैज रजा खान अजहरी साहब ने बताया कि इस साल शहजाद ए आलाहजरत हुजुर मुफ्ती-ए-आजम का 44 वॉ उर्से नूरी दिनांक 9 जुलाई बरोज बुध को मरकजे अहल-ए-सुन्नत में खुब धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी रजाकारों को अभी से तैयारी करना होगी, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस साल के उर्से नुरी में देशभर से आने वाले आलाहजरत और मुफ्ती-ए-आजम के अनुयाइयों को यह संदेश दिया जाएगा कि हर जगह आपसी सौहार्द और अमन व भाईचारे के लिए प्रयास तेज कर के जवानों में मजहब व मसलक की मोहब्बत के साथ देश प्रेम का भी जज्बा खूब ज्यादा पैदा करें, और हिंसात्मक सोच को किसी भी तरह अपने समाज में पनपने न दें।

मरकजे अहल-ए-सुन्नत दरगाहे आलाहजरत की बुजुर्ग हस्ती नबीरा-ए-आलाहजरत हजरत तौसीफ मियॉ साहब ने इस मौके पर संदेश जारी करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इस देश कि हिफाजत के लिए बेमिसाल कुर्बानियॉ पेश की हैं इस लिए हमारे देश की तरफ जो भी निगाहें टेढ़ी करेगा, या इस की एकता व अखण्डता और इस की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा, उसे भारत और भारतवासी खासकर भारतीय मुसलमान मुंह तोड़ जवाब देंगे। इस के साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी कयादत खास कर पाकिस्तानी फौज के प्रमुख तथा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने देश पाकिस्तान की जमीन से अंजाम दी जाने वाली आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगाएँ, और हमारे देश हिंदुस्तान के खिलाफ आतंकी कार्रवाई करवाने से बाज आएं, वर्ना एक दिन खुद पाकिस्तान को ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा, बल्कि इसका नुकसान अब बिलोचिसतान में दिखने भी लगा है। पाकिस्तान के बिलोचिसतान छेत्र में आए दिन बड़ी संख्या में होने वाले आतंकी हमले इस बात को प्रमाणित करते हैं कि पाकिस्तानी हुक्काम ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए जिस आतंकवाद को परवान चढ़ाया था, आज वह आतंकवाद खुद उसी के लिए वबाले जान बन चुका है, इस लिए अभी भी समय है कि पाकिस्तानी कयादत अपनी सरजम. ीन से इस आतंक की गंदगी को साफ करे, वर्ना यह आतंकवाद खुद तुम्हारे देश पाकिस्तान को भी तबाह व बर्बाद कर देगा।

## एक नजर

### तेज बारिश में जला ट्रांसफार्मर, आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार को मोहल्ला भिटौरा में अचानक बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 250 केवीए का ट्रांसफार्मर आकस्मिक आपदा की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया।

इसके कारण मोहल्ला भिटौरा क्षेत्र स्टेशन रोड़ की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जेई रमेश चंद्र ने बताया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है और जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने विभाग से मांग की है कि ऐसे हादसों से बचाव हेतु बिजली व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### बार के पूर्व अध्यक्ष ने नायब तहसीलदार पर लगाया रिश्वत का आरोप, मुख्यमंत्री से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने तहसील की महिला नायब तहसीलदार पर कानून के मुताबिक कार्य न करने के साथ ही रिश्वत लेकर कार्य करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उनके कार्य की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

श्री गंगवार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ ही राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मण्डल आयुक्त और डीएम को की गई शिकायत में तहसील में तैनात नायब तहसीलदार शिवा वर्मा पर ग्राम बकेनिया के सुरेन्द्र सागर बनाम रामेश्वर की पत्रावली, ग्राम भैअया नगला के प्रमोद कुमारी बनाम आविद हुसैन की पत्रावली पर कानून से हटकर आदेश करने का आरोप लगाया है।

बार के पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने इसके साथ ही ग्राम चौखंडी, कितुकापुर उर्फ कुतुबपुर की भी दो फाइलें पिछले काफी दिनों से लंबित पड़ी हैं, शायद किसी पक्ष से इस मामले में डील नहीं हो पाई है। श्री गंगवार ने ग्राम खमरिया की वसीयत की दाखिल खारिज का मामला तहसील में खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने उपरोक्त नायब तहसीलदार पर रिश्वत लेकर कार्य करने के साथ ही उनकी आम शोहरत अच्छी नहीं होने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है। इस बारे में नायब तहसीलदार शिवा वर्मा से बात की गई तो उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को गलत बताया। कहा वह हर जांच को तैयार है किसी कमेटी से उनकी जांच करा ली जाए, उनके कोर्ट में सबसे अधिक पत्रावलियों का निस्तारण किया गया है। वह दवाब में कोई कार्य नहीं करेंगी, जो नियम होगा उसके हिसाब से कार्य करेंगी।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अंकित विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की अद्यतन प्रगति सम्बन्धित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को विकास योजनाओं का प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेकर लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम सूर्य घर बिजली योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम फसल बीमा योजना, पीएम आवास योजना, सीएम आवास योजना सहित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति सम्बन्धित समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को खराब ट्रांसफार्मर की समस्या और विद्युत आपूर्ति सम्बन्धित समस्या का प्राथमिकता के साथ संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारी को सड़कों की मरम्मत और अनुरक्षण पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। आईजीआरएस के संबन्ध में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ शिकायत का ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता भी अवश्य करें। बैठक में जिलाधिकारी ने पेंशन योजनाओं की पेंडेनसियों को दूर करने के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए।

# भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश की तहसील स्तरीय बैठक आज टीचर कॉलोनी मास्टर केहरी सिंह के आवास पर संपन्न की गई।

बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष हरपाल बौद्ध एवं ओमप्रकाश बौद्ध ने तहसील बहेड़ी में भारतीय बौद्ध महासभा के प्रचार के लिए चार पदाधिकारी का गठन किया गया। भजनलाल मौर्य को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मास्टर केहरी सिंह को तहसील महा सचिव मनोनीत किया गया। राजू मौर्य, तहसील का कोषाध्यक्ष मना. ेनीत किया गया।प्रमोद कुमार मौर्य, तहसील का ऑडिटर मनोनीत किया गया।

भारतीय बौद्ध महासभा एवं चंद्रमणि बुद्ध विहार बरेली के संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह मौर्य एडवोकेट ने कहा कि पूरे तहसील क्षेत्र में बौद्ध धर्म का प्रचार करना है। महेंद्र पाल बौद्ध आचार्य ने गौतम बुद्ध के परिचय एवं सम्राट अशोक के बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार पर प्रकाश डाला। बैठक में मुख्य रूप से दीनदयाल गौतम, महेंद्र पाल, मेवाराम बौद्ध, सुरजेश कुमार सागर, बलवीर सिंह बौद्ध, राजू मौर्य, कृष्ण गोपाल मौर्य, काशीराम, परमेश्वरी मास्टर केहरी सिंह, दयाल, वीरेंद्र राय मौर्या, भरत सिंह गौतम, गेंदल लाल, अजय पाल मौर्या, चुरामन मौर्य, हरीश कुमार मौर्य, सुरेश चंद्र मौर्य, शिव भानु चंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति ने मेधावियों को पदक देकर किया सम्मानित

- **11वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने मेधावियों को पदक देकर किया सम्मानित, टॉपर्स को वित. रित की उपाधियां**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) इज्जतनगर में 11वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह की मुख्य अतिथि भारत की राष्ट्रपति महाम. हिम द्रौपदी मुर्मु रहीं। इस दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के माननीय योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार, भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याणराज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. मांगी लाल जाट, उप महानिदेशक (पशु विज्ञान) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के डॉ0 राघवेन्द्र भट्टाय, निदेशक एवं कुलपति भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान डॉ. त्रिवेणी दत्त, संस्थान के पूर्व निद. ेशकगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रबन्धन मंडल एवं शैक्षणिक परिषद के समस्त सदस्यगण, विभिन्न संस्थानों के निदेशकगण, संयुक्त निदेशकगण, समस्त संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक गण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनपद के समस्त जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 से 2024 तक के बीवीएससी एंड एएच (41), एमवीएससी (328) तथा पीएचडी (207) सहित कुल 576 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयीं। 11 वें दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल प्रदान किये गये। पीएचडी के डा. राज कुमार पटेल, डा. मेघा शर्मा एवं डा. अमिता बानू एस को क्रमशः 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के शैक्षणिक सत्र के लिए गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इन्हीं शैक्षणिक सत्रों में डा. प्रिया, डा. शारून खान एवं डा. मंजूषा के एम को पीएचडी का सिल्वर मेडल एवं डा. यैंसी मैरी इस्साक, डा. प्रवास रंजन साहू एवं डा. के नारायण राठौड़ को ब्रान्ज मेडल दिया गया।

शैक्षणिक वर्षो में क्रमशः 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के परास्नातक (एमवीएससी) छात्रों में, डा. नवजोत सिंह ठाकुर, डा. सेलस सी एस एवं डा. खुशबू चौधरी को गोल्ड, डा. श्री लक्ष्मी पी, डा. कनिक घिल्डियाल एवं डा. रोशनी चंद्र को सिल्वर तथा डा. सिद्धार्थ चौधरी, डा. एलिजाबेथ ग्लैनेट ड्यूरोम एवं डॉ. हरिदीप वर्मा को ब्रान्ज मेडल प्रदान किए गए। शैक्षणिक वर्ष 2023 एवं 2024 में बीवीएससी एण्ड एच के लिए डा. तान्या चौधरी, डा. अतुल प्रताप सिंह को गोल्ड, डा. रेनू मोटवानी एवं डा. पुष्पा कुमावत को ब्रान्ज मेडल दिया गया।

इसी क्रम में पीएचडी उत्कृष्ट महिला छात्र पुरस्कार डा. निवेदिता नायक, डा. मेघा शर्मा एवं डा. अमिता बानो को दिया गया एवं डा. श्री लक्ष्मी पी, डा. अंजना पी एवं रोशनी चंद्र ने एमवीएससी के उत्कृष्ट महिला छात्र होने का पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही डा. रेनू मोटवानी एवं डा. वर्षा गंगवार को स्नातक का उत्कृष्ट महिला छात्र पुरस्कार मिला। डा. सोनल, डा. हिमानी धान्जे, डा. सोनालिका महाजन, डा. अंजु काला, डा. रिंकु शर्मा एवं डा. गीता चौहान को वर्ष 2022-24 का उत्कृष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार दिया गया।

इसके अतिरिक्त छात्रों को वर्ष 2021 से 2023 के लिए विभिन्न अवार्ड भी प्रदान किये गये जिसमें डा. चितांमणी सिंह अवार्ड को डा. अरूण प्रिंस मिल्टन (जन स्वास्थ्य विभाग), डा. रंजीता एच बी (पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग) एवं शल्य चिकित्सा विभाग के डा. शारून खान को दिया गया।

डा. मुकेश भट्ट को वर्ष 2021-22 एवं डा. सोनू एस नायर को वर्ष 2022-23 का डी.आर. उप्पल अवार्ड दिया गया। इसी प्रकार डा. एस.एस.प्रभु अवार्ड पशु अनुवांशिकी विभाग के डा. स्नेह स्मिता पाण्डा एवं डा. वाणी ए को मिला। कुक्कुट विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु डा. निवेदिता नायक, डा. मोनिका एम एवं डा. जगधने विनय मोहन को डा. भगवत पाण्डा अवार्ड एवं पशु जैव प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट कार्य हेतु डा. सुहास एच जी, डा. संजु कुंजुमोन एवं डा. रूद्रेश्वरन एम को डा. जी बुच्चौया अवार्ड दिया गया। पशु पोषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु डा. लोकेश ई, डा. प्रमोद चौधरी एवं डा. काशी सौजन्या लक्ष्मी आर को डा. एस.के. तालपात्रा अवार्ड एवं डा. तीर्थेस एम, डा. अलीशा शर्मा एवं डा. कनिगा जी को डा. यू. आर. मेहरा अवार्ड दिया गया।

इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एवं सचिव डेयर, डॉ. माँगी लाल जाट एवं प्रोफेसर (डॉ.) प्रदीप कुमार जोशी, चांसलर, सीएयू इम्फाल एवं प्रगियोतिषपुर विश्व. विद्यालय को मानद उपाधियाँ प्रदान की गयीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जिस परिवेश से आती हूं, वह सहज रूप से प्रकृति के निकट है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में कार्य करें तो मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना हो। पशु व मानव का रिश्ता परिवार का है। अभी हम आधुनिक जीवनशैली की जिंदगी जी रहे हैं, लेकिन जब छोटे थे तो टेक्नोलॉजी का साधन नहीं था तब पशु ही हमारे साधन थे। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते थे। पशु हमारे जीवन का धन हैं। उनके बिना हम जिंदगी के बारे में सोच नहीं सकते थे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान को पलीता लगा रहे बैंक कर्मचारी

- **बॉब शाखा में एक भी फाइल स्वीकृत नहीं हो सकी**

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जिलाधिकारी की सख्ती के बाजूद भी बैंक कर्मी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान को बैंक कर्मी ही पलीता लगा रहे हैं। बैंकों में महीनों से आवेदन पर धूल चाट रहे हैं, लेकिन बैंक कर्मी इस योजना को अमली जामा पहनाने से ही गुरेज कर रहे हैं।

कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में दर्जनों फाइलें लंबित पड़ी धूल चाट रही हैं, लेकिन अभी तक एक भी फाइल को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है, जबकि आवे. दक लगातार बैंक के चक्कर काट रहे हैं।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर जिलाधिकारी भी गंभीर हैं। लगातार बैठकें आयोजित करके बैंक कर्मियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं, लेकिन जिलाधिकारी के दिशा निर्देश का बैंक कर्मियों पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है।

आखिर बैंक कर्मी इस योजना को अमली जामा पहनने से क्यों कन्नी काट रहे हैं, क्या बैंक कर्मियों की नजर में एक भी आवेदक पात्रता की श्रेणी में नहीं आता या फिर बैंक कर्मी इस योजना के पचड़े में पढ़ना नहीं चाहते। यह कई तरीके के सवाल हैं, जो आवेदकों के मन में है जिनका जवाब अभी मिलना बाकी हैं।

> कस्बे के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में आवेदन किए गए थे। आवेदन के तीन, चार माह बाद भी आज तक कस्बे में स्थित बॉब की शाखा ने एक भी फाइल स्वीकृत नहीं की है। बैंक कर्मी जिलाधिकारी के आदेश की खुली अवहेलना करने में लगे हैं, जबकि युवा परेशान हैं।
>
> **नीलोफर**
> **चेयरमैन**
> **नगर पंचायत शीशगढ़**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मातमी जुलूस से ताजा हुआ कर्बला के शहीदों का गम

## बीबी फात्मा के लखते जिगर इमाम हुसैन की याद में चार मोहर्रम का जुलूस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीबी फात्मा के लख्ते जिगर इमाम हुसैन की याद में चार मोहर्रम का मातमी जुलूस सोमवार को शहर के मोहल्ला मच्छरट्टा स्थित इमामबाड़ा हुरमत शाह से सुबह नौ बजे बरामद हुआ। फिजा में या हुसैन-या हुसैन की सदाओं की गूंज से देर रात तक माहौल गमगीन बना रहा। वहीं, मजलिसों में कर्बला का वाक्या सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गईं। उलेमाओं ने सिलसिलेवार तरीके से कर्बला में हुई 72 शहादतों का जिक्र किया।

शहर कोतवाली के पास स्थित इमामबाड़े से शुरू हुए जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। जिन पर मासूम बच्चे सवार थे जो कर्बला में उस वक्त के मंजर की हुबहू याद ताजा कर रहे थे। ऊंटों के पीछे कहार आराईश लेकर चल रहे थे। रौशन चौकी में नौबत से मातती धुन बज रही थी। इसके पीछे हुसैनी बाजा, अलम, तख्त व दुलदुल थे। जिनसे कर्बला की जंग की याद ताजा हो रही थी। अजादाराने हुसैन नंगे सिर, नंगे पैर शहीदे कर्बला हुसैन पुकारते चल रहे थे। जुलूस की शुरूआत में तबारक अली व हमनवां ने रिवायती मर्सिया भी पढ़ा। जुलूस में शामिल दुलदुल घोड़े को चांदी के जेवर से सजा रखा था। जुलूस मंडी चौब, दरबारे कलां, कटकुई, लकड़ा, हक्कानी, पचदरा, काजीजादा, मजापोता, कोट, दानिशमंदान, बगला, शफातपोता होते हुआ कटरा, गुजरी होते हुए इमामबाड़ा मच्छरट्टा पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के तत्वावधान में निकला जिसका संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी द्वारा किया गया। इस दौरान अंजुमन के काइद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, डा.चंदन नकवी, वसीम जैदी, इमदाद आब्दी, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद तकी, गालिब हुसैनी, दायम रजा, कमर रजा, हुसैन हैदर व शाने मेहदी के अलावा डीएम स्तर से नामित कमेटी के सदस्य जिया एजाज नकवी, लियाकत अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शहजाद रजा, कासिम जैदी मौजूद रहे। वहीं, देर रात तक शहर के इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहने से माहौल गमगीन बना रहा।



अमरोहा। नगर में निकले मोहर्रम के जुलूस में शामिल ऊंटों पर सवार बच्चे।

# बीमा कम्पनी नौ प्रतिशत ब्याज से करे 50 लाख का भुगतान

## कोरोना में हुई थी नाजिर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कोरोना काल में हुई मृत्यु के बाद बीमा कंपनी ने केंद्रीय नाजिर की पत्नी को पॉलिसी का क्लेम नहीं दिया। आखिर में मामला अदालत तक जा पहुंचा। मामले की गंभीरता से सुनवाई करते हुए लोक अदालत ने अब बीमा कंपनी को क्लेम के 50 लाख रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं बीमा कंपनी पर शारीरिक, मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के लिए दो लाख रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 50 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका है।

जानकारी के अनुसार अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में बंबूगढ़ चौराहे पर स्थित रानीनगर कॉलोनी में श्रवण कुमार की जिला न्यायाधीश कार्यालय में केंद्रीय नाजिर के पद पर तैनाती थी। कोरोना काल में 28 अप्रैल 2021 को श्रवण कुमार की अचानक मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिवार में पत्नी कुसुम देवी के अलावा दो बच्चे हैं। मृत्यु से पहले श्रवण कुमार ने 1 फरवरी 2021 को एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से एक ऑनलाइन पॉलिसी ली थी जिसकी मियाद पांच साल तक थी। पॉलिसी की नियमित किस्त भी जमा की जा रही थी, रिस्क कवर 50 लाख रुपये का था। श्रवण कुमार की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी कुसुम देवी ने क्लेम के लिए बीमा कंपनी में आवेदन किया। मृत्यु प्रमाण पत्र, मूल पॉलिसी के अलावा पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज भी उपलब्ध कराए लेकिन बीमा कंपनी के अधिकारियों ने उनका दावा खारिज कर दिया। इसके पीछे तर्क दिया कि श्रवण कुमार ने पॉलिसी लेते वक्त अपनी बीमारी का छिपाया था। आखिर में कुसुम देवी ने इस मामले में स्थाई लोक अदालत की शरण ली थी। अध्यक्ष ओमवीर सिंह, सदस्य मोहम्मद मतीन व सिराज अहमद ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद लोक अदालत ने बीमा कंपनी को क्लेम की धनराशि 50 लाख रुपये का भुगतान याचिका दायर करने की तारीख से नौ प्रतिशत ब्याज से करने का आदेश दिया। इसके अलावा मानसिक, शारीरिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में दो लाख रुपये तथा वाद व्यय के रूप में खर्च हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# अजादारों ने सीनाजनी कर किया मातम

## जुलूस में या हुसैन की सदाएं हुई बुलंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। नौगावां सादात। कर्बला के शहीदों की याद में चार मोहर्रम का मातमी जुलूस अंजुमन यादगारे हुसैनी के संयोजन में बरामद हुआ। नौहेख्वानी के दौरान अजादारों ने मातम बरपा कर इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाया। वहीं, घरों में सुबह से लेकर देर रात तक जिक्र-ए-हुसैन का सिलसिला जारी रहा। महिलाओं ने भी मातमदारी कर बीबी फात्मा को लख्ते जिगर की शहादत का पुरसा दिया। सोमवार दोपहर में जुलूस की शुरुआत इमाम बारगाह जैदियान से हुई। जुलूस में सबसे आगे ढोल ताशों के साथ अजादार जुलजनाह के साथ अलम मुबारक लिए हुए चल रहे थे। मर्सियाख्वां मोहर्रम अली वहमनवां द्वारा कर्बला के शहीदों की याद में मर्सिया पेश किया जा रहा था। 14 अलम मुबारक के अलावा दो जुलजनाह व एक जरी भी जुलूस का हिस्सा थी। पीछे हजारों की तादाद में अजादार या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। रास्ते में शोएब रजा व तकी अब्बास ने नौहा पढ़ना शुरू किया, जिसे सुनते ही अजादारों ने सीनाजनी करते हुए मातम बरपा कर दिया। इसके बाद जुलूस जब मजहर-ए-कर्बला पहुंचा तो अयाज अब्बास ने नौहा पढ़ा तो इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र सुनते ही अजादारों की आंखों से जार-ओ-कतार आंसू बहने लगे। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए हुसैनी काफिला जब जामा मस्जिद पहुंचा यहां शोएब नौगांवी व तकी अब्बास ने नौहेख्वानी कर बीबी फातिमा को लख्ते जिगर की शहादत का पुरसा दिया। बस्ती में घूमकर देर शाम जुलूस वापस इमामबाड़ा जैदियान पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान वक्कार हैदर, अली हैदर, मौलाना हसन इमाम, अली इमाम, अली मंजर, मंजूर हैदर, आबिस इमाम आदि मौजूद रहे।

# वाटर प्लांट का ताला तोड़कर सवा लाख की नकदी चोरी

## शक के आधार पर एक युवक हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गोदाम का ताला तोड़कर गल्ले में रखी सवा लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना गोदाम के पास में एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हालांकि, चेहरे पर कपड़ा लपेटे होने की वजह से चोर की पहचान नहीं हो पा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। शक के आधार एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

शहर के मोहल्ला पक्का बाग निवासी संजय कुमार गर्ग का मिनरल वाटर का कारोबार है। उनके पास पानी सप्लाई करने वाली कई कंपनियों की एजेंसी भी है। माल स्टॉक के लिए उन्होंने घर के पास मोहल्ला नल में गोदाम भी बना रखा है। रविवार शाम करीब सात बजे वह रोजाना की तरह गोदाम बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब सवा चार बजे वहां पहुंचा एक युवक ताला तोड़कर गोदाम में घुस गया तथा उसने गल्ले में रखे हुए 1.25 लाख रुपये पर हाथ साफ कर लिया। घटना अंजाम देने के बाद युवक वहां से फरार हो गया। कारोबारी संजय कुमार गर्ग को चोरी की जानकारी सोमवार सुबह में गोदाम पहुंचने पर हुई। ताला टूटा हुआ देख उनके होश उड़ गए, अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नकदी गायब थी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। पास में एक दुकान के बाहर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो उसमें एक युवक गोदाम में चोरी करने के बाद बाहर निकलते हुए दिखाई दिया। हालांकि, पहचान छिपाने के लिए उसने अपने चेहरे पर कपड़ा लपेट रखा था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि गोदाम में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फुटेज के आधार पर चोर की पहचान को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। कारोबारी द्वारा शक जताने और एक युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई तक की नौबत आ गई। जिसका वीडियो एक युवक के द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल पर वायरल कर दिया। सोमवार की दोपहर बाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर कला निवासी सोनी अपने भाई के साथ नगर के एक निजी अस्पताल में दवाई लेने आ रही थी। जैसे ही वह नगर के शिवाला रोड पर पहुंची तो एक ट्रैक्टर ने अचानक युवती को टक्कर मार दी, जिससे युवती को गुम चोटें आई।घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। जो कि हाथापाई में बदल गई। घटनास्थल पर एक युवक के द्वारा हंगामा की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। घायल युवती को तुरंत उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की बात कह रही है।

### तमंचे के साथ बनाई रील, पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। इन दिनों रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने का क्रेज खूब चल रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए लोग तरह-तरह के पैंतरे आजमा रहे हैं।इसके लिए कुछ लोग असलहों के साथ भी वीडियो बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला आदमपुर से सामने आया है।जहां सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए दो युवकों ने अवैध तमंचे के साथ रील बनाकर अपलोड कर दिया. जिसके बाद उसका वीडियो वायरल भी हो गया। लेकिन यह वीडियो पुलिस की नजर में आ गई. जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस क्षेत्रधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल हो रहे थे। जिसमें दो युवक अपने हाथ में तमंचा लेकर रील बनाते दिख रहे थे। जिसका तत्काल संज्ञान लिया गया और रील बनाने वाले दो युवक व दोनों युवकों को अवैध तमंचा सप्लाई करने वाले युवक को को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों के नाम निखिल पुत्र होशियार गांव आदमपुर अमित पुत्र सुधीर गांव आदमपुर अर्पित पुत्र कलुवा गांव ईशापुर मुंड थाना एचौडा कम्बोह तीनों युवकों के पास से रील में इस्तेमाल 315 बोर के अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किया गया है।आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई कर न्यायालय भेजा जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### पीली ईटों से हो रहा नाले का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत साथलपुर के मजरा अधैक की मढैया में हो रहे नाला निर्माण में पीली ईंट के साथ घटिया सामग्री के प्रयोग से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने विरोध करके निर्माण रोकने का प्रयास किया, लेकिन रसूख और सरकारी कार्य में बाधा डालने का भय दिखाकर ग्रामीणों को चुप करा दिया। गांव में जलभराव के लेकर समस्या बनी हुई थी ऐसे में इस मार्ग से निकलना मुश्किल हो जाता है। समस्या निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत की निधि से नाले का निर्माण शुरू हुआ। निर्माण में पीली ईंट एवं घटिया मानक विहीन सामग्री का प्रयोग होने से ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि नाला के साइड की दीवार बनाने से पहले बेस में केवल आधे ईंट के टुकड़े बिछाए गए, जबकि सीमेंट का उपयोग होना चाहिए। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से फोन पर कि लेकिन गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि अब कार्य गुणवत्ता से नहीं किया जाता तो जिलाधिकारी से मिलकर जांच कर कार्रवाई की मांग करेंगे। ग्राम विकास अधिकारी कृपाल सिंह का कहना है कि ठेकेदार से कहकर पीला ईटों को हटवा दिया गया है।

## बारिश से गिरे दो मकान, दम्पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। सोमवार को लगातार बारिश होने के कारण दो मकान भड़भड़ाकर गिर पड़े। जिसमें दंपति घायल हो गए। बमुश्किल ग्रामीणों ने दंपति को मकान के मलवे से बाहर निकाला। जिन्हें बाद में उपचार के लिए नगर के हसनपुर स्थित प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। थाना रहरा क्षेत्र के गांव भावली निवासी हरिश्चंद्र पुत्र तौला राम का भारी बारिश के चलते सुबह 4:00 बजे अचानक भड़भड़ाकर मकान गिर पड़ा। मकान के अंदर दोनों पति हरिश्चंद्र एवं पत्नी रेशमा दोनों मकान में सो रहे थे। मकान गिरते ही रेशमा मलबे में दब गई थी। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बमुश्किल दंपति को बचाया। रेशमा आठ माह की गर्भवती थी। रेशमा को निजी अस्पताल हसनपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। मकान गिरने से हरिश्चंद्र के मकान में रखा अनाज, चारपाई, बिस्तर, बर्तन,नगदी एवं घरेलू सामान दबकर बेकार हो गया।उधर गांव के ही संजय पुत्र कलुआ का बारिश में मकान की छत गिर कई जिसमें परिवार बाल बाल बचा।हादसे की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

# राम कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

## धार्मिक भजनों पर झूमे भक्त, कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव शेखुपुर झकड़ी में स्वामी राम प्रसाद उदासीन समाधि ट्रस्ट पर 30 जून से 10 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। नगर के शिवाला मंदिर प्रांगण से सोमवार की शाम 5 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिवाला मंदिर से प्रारंभ होकर झकड़ी अड्डा, मुबारकपुर कलां मार्ग से होकर समाधि बाबा लालचंद स्वामी प्रसाद शेखूपुर झकड़ी तक निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। जिसमें विभिन्न राधा कृष्ण नृत्य, शिव पार्वती नृत्य, राम दरबार, हनुमान,शंकर काली तांडव,समेत सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली गई। गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित छविनाथ दुबे प्रवचन करेंगे। श्री राम कथा 1 जुलाई से शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रवचन किये जाएंगे। कलश यात्रा में मुख्य प्रबंधक स्वामी कपिल मुनि महाराज, डॉ जितेंद्र सिंह,अनुराग त्यागी, सर्वेश ठाकुर,कुवरपाल सिंह,स्वामी उमेश मुनि, स्वामी कृष्ण मुनी, महंत कोठारी स्वामी राजेंद्र मुनि, लवकुश कुमार समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कलश यात्रा में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# बस के पहिये के नीचे आकर वैंडर की मौत

## बाम व चूरन इत्यादि बेचकर करता था परिवार का गुजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बाम व चूरन आदि बेचने वाले युवक की उतरते समय बस के पहिये के नीचे आकर मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी पहुंचाया, यहां से पोस्टमार्टम के लिये अमरोहा के लिये भेज दिया।



जानकारी के मुताबिक नगर के मौहल्ला शिवपुरी निवासी कौशल (35) पुत्र रूपकिशोर बसों में बाम, चूरन इत्यादि बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। सोमवार की शाम को हसनपुर दिशा से आ रही एक बस में बाम, चूरन बेचकर वह चौपला चौराहे के पास में उतर रहा था कि तभी उसका पैर फिसल गया और उसकी बस के पहिये के नीचे आकर मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही परिवार के लोगों की लगी तो उनमें चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी पहुंचाया, यहां पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बता दें कि कौशल के परिवार में पत्नी बबली के अलावा तीन बच्चे भी हैं।

# विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

## पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

शहर के मोहल्ला सराय कोहना निवासी वहीद ने अपनी बेटी चांदनी की शादी 27 अप्रैल 2023 को मोहल्ला सट्टी के रहने वाले इमरान के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में चांदनी को कम दहेज लाने के ताने देकर प्रताड़ित किया जाने लगा। उस पर मायके से बाइक व नकदी दिलाने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। प्रताड़ना के बीच अप्रैल 2025 को चांदनी ने एक बेटे को भी जन्म दिया। बेटे की खुशी के मौके पर ससुराल वालों ने फिर से बाइक व दो लाख रुपये की मांग की। चांदनी ने इसका विरोध किया तो 20 जून को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता तभी से मायके में पिता के घर रहती है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में पति इमरान, सास शकीला, ससुर इब्राहिम, ननद रूबी व अंजुम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# इंचार्ज अध्यापिका को चार्ज न देने की मांग

## प्रधान संग ग्रामीणों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। निलंबन के बाद बहाल की गई इंचार्ज अध्यापिका को चार्ज न दिये जाने की मांग को प्रधान व ग्रामीणों ने बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

ग्राम पंचायत हसनपुर कला के कम्पोजिट विद्यालय में तैनात इंचार्ज अध्यापिका नमिता मधुकर को निलंबित कर दिया गया था। जिन्हें अब बहाल कर दिया गया है। उधर उन्हें चार्ज भी हसनपुर कलां के कंपोजिट विद्यालय का दिया जा रहा है। आज इसके विरोध में ग्रामीण प्रधान प्रवेश देवी के साथ बीएसए कार्यालय पर पहुंचे तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि इंचार्ज अध्यापिका को चार्ज नहीं दिया जाना चाहिये। छात्र, अभिभावक व ग्रामीणों ने चार्ज का विरोध जताते कहा कि यदि इंचार्ज अध्यापिका किसी भी तरह का आत्मघाती कदम उठाती है तो इसके लिये वह जिम्मेदार नहीं होंगे। जबकि चार्ज देने की जिम्मेदारी बीएसए को है। वहीं किसी भी अनहोनी के लिये जिम्मेदार होंगी। ज्ञापन सौंपने वालो में पंकज, रीना रानी, रश्मि, ममता, ग्राम प्रधान प्रवेश देवी, गौरव सिंह, सोमपाल सिंह, राजू, प्रेम प्रकाश, अमन, महिपाल, अमर सिंह, रोहताश, मदन सिंह, बलराम, महिपाल शामिल थे।

# कॉलेज बेचने के नाम पर पूर्व जिपं सदस्य पर धोखाधड़ी के तीन मुकदमे दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** इंटर कॉलेज के भवन बेचने के नाम पर 1.65 करोड़ की धनराशि हड़पने के आरोप में पुलिस ने एसपी के आदेश पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, उनके पुत्र व अन्य व्यक्ति के विरूद्ध तीन अलग अलग मुकदमे दर्ज किए हैं।

एक मुकदमा चंचल सिंह चौहान पुत्र शोभा सिंह निवासी ग्राम पन्हेड़ी थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर द्वारा पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश कुमार निवासी नगलिया मेव, उनके पुत्र मुनेश व एक अन्य व्यक्ति के विरूद्ध दर्ज कराया गया है। आरोप है कि वर्ष 2021 में सतीश कुमार ने नगलिया गांव में स्थित सुखराम सिंह इंटर कॉलेज का प्रबंधक बताते हुए एक करोड़ रूपये में बेचने का सौदा किया और 08.10.2021 को बयाने के नाम पर 35 लाख रूपये ले लिए। कुछ समय बाद पता चला कि सतीश कुमार ने कॉलेज बेचने के नाम पर कुछ और लोगों से भी रकम हड़प रखी है, जिसके बाद उसने बैनामे को कहा तो सतीश ने कोई न कोई बहानेबाजी करके बैनाम नहीं किया और अब रकम भी नहीं दी है। वहीं माजिद पुत्र स्व.जिया उल हक निवासी गांव बांसखेड़ी थाना नौगावां सादात ने भी सतीश कुमार पर कॉलेज बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करके 80 लाख रूपये हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसने 07.09.2021 को छह करोड़ रूपये में कॉलेज का सौदा तय किया था, जिसमें से 80 लाख रूपये बयाना उसी दिन दे दिए गए थे। इसके बाद भी सतीश कुमार ने बैनामा कराने के लिये कभी भी बात नहीं की और झांसा दिया। बाद में पंचायत भी हुई जिसमें पांच बार में पैसा लौटाने की बात तय हुई मगर सतीश ने कोई पैसा वापस नहीं दिया। इसी कड़ी में सतीश कुमार पर तीसरा मुकदमा शाहनवाज पुत्र शरीफ अहमद निवासी गांव बुढ़नपुर थाना डिडौली ने दर्ज कराया है, जिसमें आरोप है कि सतीश ने 16.02.2022 को 5.94 करोड़ रूपये में कॉलेज का सौदा तय किया, जिसमें 22.01.22 को पांच लाख व 45 लाख रूपये 16.02.2022 को बयाने के रूप में ले लिए। उसके बाद न तो सतीश ने बैनामा कराया और न ही पैसे लौटाए। 01.02.2024 को शाहनवाज ने बुढनपुर में एक पंचायत भी बैठाई जिसमें सतीश ने बीस लाख रूपये का चैक भी दिया मगर वह बाउंस हो गया। इस तरह पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश कुमार पर तीन अलग अलग वादियों ने एक करोड़ पैंसठ लाख रूपये हड़पने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस प्रकरण में तीन वादियों ने अलग अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है, उसी अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

■ तीन लोगों से हड़पे एक करोड़ पैंसठ लाख रुपये

# ब्लॉक परिसर में आयोजित हुई भाकियू एकता की मासिक बैठक



**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन एकता के कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लॉक परिसर जेवर में राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकुमचंद शर्मा की उपस्थिति और मास्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मेरठ मण्डल अध्यक्ष मा0 धर्मसिंह के संचालन में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसका संचालन मेरठ मण्डल अध्यक्ष मा0 धर्मसिंह ने किया इस दौरान संगठन विस्तार किया गया। ब्लॉक परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम चन्द शर्मा की उपस्थिति में आयोजित भारतीय किसान यूनियन एकता की मासिक बैठक में पूर्व में एस0डी0एम0 जेवर के सामने रखी गयीं किसानों की विभिन्न समस्याओं सहित बिजली विभाग द्वारा मनमाने ढ़ंग से क्षेत्र में की जा रही अघोषित कटौती जैसी प्रचण्ड समस्याओं पर गहनता से चर्चा की गई। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम चन्द शर्मा की उपस्थिति में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मेरठ मण्डल अध्यक्ष मा0 धर्मसिंह ने कहा कि बिजली विभाग के सिर पर जूँ नहीं रेंग रही क्षेत्रीय जनता बिजली की कटौती से परेशान है वह मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं एक ओर बिजली भी नहीं दी जा रही दूसरी ओर बिल अनाप-सनाप भेजे जा रहे हैं उपभोक्ता बिजली के बिल दुरूस्त कराने जाते हैं तो बाबू टालमटोल करते हैं उनके बिलों को ठीक नहीं किया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिजली विभाग के कर्मचारी अपना रवईया सुधार लें अन्यथा भाकियू एकता बिजली विभाग के कर्मचारियों के विरूद्ध आन्दोलन करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाकियू एकता अधिकारियों द्वारा मिले जवाबों पर चर्चा कर रणनीति बना रही है रणनीति के तहत ही आन्दोलन किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए मास्टर प्रताप सिंह को भाकियू एकता का राष्ट्रीय संरक्षक व अनवर अल्वी को मेरठ मंडल संरक्षक एवं सूफी मुस्ताक को तहसील सचिव जेवर व हेमंत चौधरी को युवा जिला अध्यक्ष अलीगढ़ बनाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर ठाकुर महेश सिंह सुनील सिंह भोला, वकील पहलवान नवाब सुखपाल आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारी कल्याण आयोग बनाए सरकार

**कोसीकलां।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि व्यापारी हर स्थिति में देश व समाज के साथ खड़ा होता है। फिर उनके हित की भी बात अहम हो जाती है। व्यापारियों के भले के लिए सरकार व्यापारी कल्याण आयोग बनाए। अग्रसेन नगर में आयोजित स्वागत समारोह में उन्होने ब्रज क्षेत्र में कमेटियों का गठन करने को कहा। उन्होंने कहा कि व्यापारी कल्याण आयोग आवश्यक है। दुकानों का बीमा, पेंशन, स्वास्थ बीमा आदि सुविधाएं आयोग के माध्यम से मिल सकेंगी। ब्रज क्षेत्र कार्यकारी अध्यक्ष तरुण सेठ, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल, कन्हैया लाल, जगदीश लाला, दामा. दर प्रसाद अग्रवाल, महेश जाबिया, दीपक अग्रवाल, नवांशु अग्रवाल, अरूण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम की चौथी तारीख को कुशक गली से निकला अलम और अखाड़े का जुलूस



**मथुरा।** मोहर्रम कमेटी शहर व सदर मथुरा के तत्वावधान में हजरत इमाम हुसैन की याद में सलीम अहमद के नेतृत्व में कुशक गली से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से अलम व अखाड़े का जुलूस निकाला गया।

परम्परागत क्षेत्र कुशक गली से शाम 08 बजे अलम और अखाड़े का जुलूस प्रारम्भ होकर हनुमान टीला, काजी पाड़ा, चूड़ी गली, नकक. ारची टीला, चौक बाजार, घीया मंडी, भरतपुर गेट, मनोहरपुरा, मटिया दरवाजा, बरवार पाड़ा, मण्डी रामदास, ठेक नारनौल, खिड़की बिसायती, हालनगंज, वृन्दावन गेट और जामा मस्जिद चौक बाजार पर जमा हुआ इसके बाद अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन किया और हैरतअंगेज करतब दिखाए।

जुलूस में अलम और अखाड़े के साथ-साथ पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जुलूस कुशक गली पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान लोगों ने हजरत इमाम हुसैन को याद कर व नारे लगाकर अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान जुलूस में काफी संख्या में महिला पुरुषों का हुजूम उमड़ पड़ा जिसमें महिलाओं ने अलम में सोने चांदी के धागे बांध कर मन्नत मुराद मांगी। जुलूस के दौरान लोगों को जुलूस के मार्गों में जगह जगह लंगर खाना, सबील, दूध, कोल्डड्रिंक, आइसक्रीम, हलवा और जर्दा वितरण किया गया। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद युनूस गाजी ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें लोग अपनी धार्मिक भावनाओं का प्रदर्शन करते हैं और मोहर्रम की परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया था।

## तेज़ रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एसएसबी जवान और बेटे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एसएसबी जवान और उसके बेटे की मौत हो गई। सोमवार सुबह परसिया गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान वीरपाल और उनके बेटे सुमित के रूप में हुई है। वीरपाल वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में जवान के पद पर कार्यरत थे और उनकी पोस्टिंग पीलीभीत में ही चल रही थी। सोमवार सुबह उनका बेटा सुमित उन्हें ट्रेन पर ड्यूटी के लिए छोड़ने को मोटरसाइकिल से जा रहा था। जैसे ही वे परसिया गांव के पास स्थित टोल पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक ने दोनों को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बीसलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स की सभा में अध्यक्ष व सचिव मनोनीत

**पूरनपुर।** रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स की एक साधारण सभा का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रोटेरियन अनूप गोयल बॉबी को अध्यक्ष तथा रोटेरियन प्रशांत सक्सैना को सचिव मनोनीत किया गया संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया बस 2025/26 के लिए सर्व सम्मति से रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल के नए अध्यक्ष अनूप गोयल तथा सचिव प्रशांत सक्सैना उपाध्यक्ष डॉ सुधाकर पांडे, डॉक्टर शैलेश, संयुक्त सचिव देवेंद्र छीना, सार्जेंट ऑफ आर्म सोना सिंह, कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, निदेशक पद पर सतीश रहे।

# मेडिकेयर हॉस्पिटल में गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी सुविधा उपलब्धः अमित मिश्रा

**पुरनपुर।** खुटार जाने वाले रोड नेशनल हाईवे 730 कजरी निरंजनपुर में स्थित मेडिकेयर हॉस्पिटल एवं पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी के चेयरमैन पं० अमित मिश्रा ने बताया हमारे यहां आयुष्मान कार्ड से सभी प्रकार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। गरीब असहाय और जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए मुक्त सर्जरी सुविधा भी उपलब्ध है। आईसीयू एवं वेंटीलेटर की सुविधा भी उपलब्ध है मेडिकेयर हॉस्पिटल में गरीब और असहाय लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी सुविधा और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सभी प्रकार का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से की गई है। आयुष्मान कार्ड धारकों को मेडिकेयर हॉस्पिटल में सभी प्रकार की सर्जरी और इलाज मुफ्त में किया जा रहा है आयुष्मान कार्ड के माध्यम से बच्चेदानी का ऑपरेशन हर्निया हाइड्रोसील का ऑपरेशन गुर्दे एवं पित्त की पथरी का दूरबीन द्वारा सफल ऑपरेशन और अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज भी मुफ्त में किया जा रहा है। मेडिकेयर हॉस्पिटल में गरीब और असहाय लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी सुविधा प्रदान की जा रही है। मेडिकेयर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों को सभी प्रकार का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है। पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ट्रस्ट एवं मेडिकेयर हॉस्पिटल के द्वारा किए गए कार्यों में 1000 से ज्यादा सफल सर्जरी जिनमें गुर्दे की पथरी, पित्त की पथरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हाइड्रोसील, हर्निया जैसी गंभीर बीमारियों का सफल इलाज किया गया है।

## भारी वर्षा होने के बाद तराई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** जनपद पीलीभीत, नेपाल व पहाड़ी इलाकों में भारी वर्षा होने के कारण शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर बढ़ रहा है। भारी बारिश के बाद शारदा बैराज से छोड़ा गया वर्षाती जल जनपद पीलीभीत के सीमावर्ती गांवों और तराई इलाके के लिए चिंता का कारण बन गया है। पूरनपुर और कलीनगर तहसील के दर्जनों गांवों में लोग सतर्क हो गए हैं। भले ही अभी पानी गांवों में न घुसा हो, लेकिन शारदा नदी की रफ्तार और बढ़ता जलस्तर लोगों को बीते बर्ष की त्रासदी याद दिला रहा है। हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित होने बाले इलाकों में जब मीडिया कर्मी कवरेज पर पहुचे तो ग्राम चंदिया हजारा, कॉलोनी नंबर 6, बूंदीभूड, कुतिया कवर, गभिया सहराई जैसे इलाकों में लोगों से बातचीत की तो सभी की एक ही शिकायत थी हर साल पानी का खतरा झेलते हैं, मगर शासन व प्रशासन की तरफ से कोई स्थायी उपाय नहीं किया गया। सरकार द्वारा नदी के किनारे ठोकरें (कटान रोकने की अस्थायी दीवारें) लगाई जा रही हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि ये सब केवल खानापूर्ति की गई है। ठोकरें तब लगाई जाती हैं जब बहाव तेज हो चुका होता है। पिछले वर्ष कई जगहों पर दो-तीन दिन में ही ठोकरें बह गई थीं। लोग अब स्थायी तटबंध की मांग कर रहे हैं। जहां सरकारी स्तर पर केवल औपचारिकता नजर आ रही है, वहीं लोग अपने स्तर पर बचाव की तैयारियों में जुटे हैं। किसी ने मवेशियों का चारा जमा कर लिया है, तो किसी ने जरूरी सामान समेट लिया है। महिलाएं घरों के बाहर मिट्टी और बोरे डालकर नींव मजबूत कर रही हैं।

## दुग्धाभिषेक के साथ जाहरवीर मेले की तैयारियां शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** श्री जाहरवीर कमेटी के तत्वाधान में महावीर बगीची स्थित मंदिर पर सोमवार को बाबा का दुग्धाभिषेक कर मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई। आयोजक मंडल के सदस्य मनीष बठैनिया, सरमन अग्रवाल ने बताया कि 25 जुलाई को बाबा का गुणगान तथा 27 जुलाई को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होने नगरवासियों से सहयोग का आह्वान किया। दुग्धाभिषेक में मुकेश जैन, संजय जैन, प्रहलाद हतानियां, पंकज गोयल, संजय जैन, अमित बंसल, मनीष अग्रवाल, पियूष सिंगला, कपिल अग्रवाल, गिर्राज जायसवाल, सोनू हलवाई, सौरभ जैन आदि थे।

# वेंक्टेश्वरा विवि में साइबर सुरक्षा की राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश पुलिस, अमरोहा पुलिस एवं श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय 'साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय कार्यशाला 2025' का सोमवार को शानदार समापन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि, दो सप्ताह चली राष्ट्रीय कार्यशाला में पूरे देश से प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों ने बैंकिंग धोखाधड़ी, फोटोशॉप एडिटिंग फ्रॉड, हैंकिंग, मेलवेयर, रेंसमवेयर, डिजिटल अरेस्ट जैसे 'साइबर अपराधों' पर बारीकी से जाना। कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यहां से प्रशिक्षित ये 'साइबर योद्धा' पूरे देश में साइबर अपराधों की रोकथाम में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करेंगे। वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि, साइबर अपराधों जैसे विश्वव्यापी ज्वलंत विषय पर इतनी शानदार राष्ट्रीय कार्यशाला के सफल आयोजन करने के लिये यूपी पुलिस/ अमरोहा पुलिस बधाई की पात्र है। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहाकि, साइबर सुरक्षा को लेकर यूपी पुलिस द्वारा आयोजित इस शानदार राष्ट्रीय कार्यशाला से न सिर्फ प्रतिभागियों बल्कि आम जनमानस को भी साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता में तेजी आएगी। समापन पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिकुलाधिपति डा. के साथ मिलकर सभी प्रतिभागियों एवं 'साइबर एक्सपट' को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति कुलपति प्रो.(डा.)कृष्ण कान्त दवे, कार्यक्रम मुख्य कोआर्डिनेटर पुलिस उपाधीक्षक अंजलि कटारिया, वरिष्ठ कवयित्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, कुलसचिव प्रो. (डा.)पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडेमिक डा.राजेश सिंह, पीआरओ डा.श्री राम गुप्ता, डा.सुमन कश्यप, साइबर एक्सपर्ट भानु शर्मा, डा. विकास पाण्डेय, डा.स्नेहलता गोस्वामी, दीक्षा, डा. अमित आदि रहे।

# दरोगा से साढ़े चार लाख ठगने वाला गिरफ्तार किया

**अमरोहा।** सैदनगली थाने में तैनात दारोगा से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 4.50 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपियों को हिसार पुलिस ने दूसरे मामले में गिरफ्तार किया है। जानकारी पर हिसार गई साइबर थाना पुलिस आरोपियों को रिमांड पर अमरोहा लेकर आई। पूछताछ के बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया। गैंग में अन्य लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस अब उनकी तलाश में जुट गई है। वहीं, आरोपियों के खाते को फ्रीज करा दिया है, जिसमें जमा रकम दारोगा से ठगी हुई बताई जा रही है। गौरतलब है कि करीब दो महीना पहले सैदनगली थाने में तैनात दारोगा पवन कुमार से साइबर अपराधियों ने आनलाइन ट्रेडिंग कराने का झांसा देकर करीब साढ़े चार लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया था।


# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत सू.महनवा वि.खं.बागपत (बागपत)

**पत्रांक: मीमो/पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२५-२६** **दिनांक**-22.06.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्राण सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक-28.06.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक-28.06.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | विभिन्न स्थानों पर नाली व चैनल मरम्मत कार्य। | 190000 | 200 | 10% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सोनू के मकान से जगदीश के मकान तक सी.सी.रोड़ | 88000 | 100 | 10% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | संजय के मकान से मैन सड़क तक सी.सी.रोड़ | 325269 | 300 | 10% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | रमेश के मकान से सेवाराम के प्लाट तक सी.सी.कार्य। | 484836 | 500 | 10% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ब्रजमोहन के यहां से डा.राजेन्द्र की दुकान तक इण्टरलॉकिंग | 297000 | 300 | 10% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | रविन्द्र के यहां से सतीश सीता के यहां तक सी.सी.रोड़ | 49000 | 100 | 10% |
| 7 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | अमरपाल के यहां महेश मोती के घेर तक नाला निर्माण | 145000 | 100 | 10% |
| 8 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | पप्पू इन्द्रपाल से बाबूराम के यहां तक सी.सी.रोड़ | 75000 | 100 | 10% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदों/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधन**
**ग्राम पंचायत सू.महनवा**
**विकास खण्ड- बागपत (बागपत)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सू.महनवा**
**विकास खण्ड- बागपत (बागपत)**


# तिगरी व ब्रजघाट में गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी

## बिजनौर बैराज से छूटा 1.59 लाख क्यूसेक पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते उत्तराखंड से बहकर आ रही गंगा नदी के जलस्तर में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है।

पानी की अधिकता होने के कारण लगातार हरिद्वार व बिजनौर स्थित बैराज से पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है, जिससे की गंगा धाम तिगरी और ब्रजघाट में भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। सोमवार को तिगरी में दस सेमी तो वहीं ब्रजघाट में भी काफी बढ़ोत्तरी मापी गई है।

वहीं गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा तट के समीपवर्ती गांवो के खेतों में भी पानी भर गया है। बता दें कि मानसून सत्र में हर वर्ष ही गंगा में जलस्तर बढ़ता है और गंगा के समीपस्थ रहने वाले ग्रामीणों को इसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। खादर के कई गांव जैसे शीशोवाली, ढ़ाकोवाली, मंदिर वाली भुड्डी, टीकोवाली समेत इधर ब्रजघाट दिशा में ओसीता जगदेवपुर, मौहम्मदाबाद, कासमाबाद, कबीरपुर आदि में भी ग्रामीणों को बाढ़ जैसे हालातों से जूझना पड़ता है। अभी तो मानसून सत्र की शुरूआत ही हुई है, उसके बाद भी सोमवार को गंगा का जलस्तर तिगरी में 199.90 मीटर गेज मापा गया है, जिसके चलते ही गंगा के समीपस्थ खेतों में बाढ़ का पानी भर गया है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# एजबेस्टन में भारत को पहली जीत दिला पाएंगे शुभमन गिल!

● **टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा, 2 जुलाई से दूसरा मैच**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ रहा है। टीम को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा।

यह मुकाबला 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। एजबेस्टन मैदान पर भारत 58 साल में टेस्ट नहीं जीता, 39 साल पहले ड्रा खेला था भारतीय टीम ने एजबेस्टन मैदान पर पहला मैच 58 साल पहले 1967 में खेला था। 13 जुलाई से 15 जुलाई तक खेले इस गए मुकाबले में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 132 रनों की हार झेलनी पड़ी थी।

तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले, लेकिन किसी भी मैच में जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 को एक ड्रा मैच खेला था। 3 से 8 जुलाई तक चले इस मुकाबले में मो. हिंदर अमरनाथ (79 रन), मोहम्मद अजहर (64 रन) और सुनील गावस्कर (54 रन) ने अर्द्धशतकीय पारियां खेलकर मैच ड्रा कराया था। इस मैच की कप्तानी कपिल देव कर रहे थे। कोहली टॉप स्कोरर, चेतन शर्मा को सबसे ज्यादा विकेट वर्तमान भारतीय टीम में ऋषभ पंत इकलौते खिलाड़ी हैं, जो एजबेस्टन मैदान पर भारत के टॉप प्लेयर्स की सूची में शामिल हैं। यहां के टॉप स्कोरर्स की सूची में विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 4 पारियों में 57.75 के एवरेज से 231 रन बनाए हैं।

इनमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल है। प्लेयर्स की इस सूची में सुनील गावस्कर, ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और गुंडप्पा विश्वनाथ जैसे नाम हैं। टॉप 5 विकेट टेकर्स में शामिल कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। यहां चेतन शर्मा ने 10 विकेट झटके हैं। इस सूची में ईएएस प्रसन्ना, आर अश्विन, कपिल देव और ईशांत शर्मा के नाम हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज किया इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा रन चेज इसी मैदान पर किया था।



# जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी पड़ ना जाए भारी

● **भारत बनाम इंग्लैंड: 2024 से सिराज को नहीं मिला पांच विकेट हॉल, कुलदीप पर नजरें**

**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हार चुकी भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में वापसी करना चाहेगी। दूसरा मैच एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। लीड्स टेस्ट में बुमराह ने 14वीं बार पांच विकेट हाल लेकर इंग्लैंड पर काफी हद तक दबाव बनाया था लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों का साथ नहीं मिला। मोहम्मद सिराज प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर पाए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में अगर बुमराह को आराम मिलता है, तो तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्व की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी। हालांकि, सिराज फार्म से बाहर चल रहे हैं। 2024 से उन्होंने टेस्ट 19 पारियों में 28 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि, उन्हें एक बार भी पांच विकेट हॉल नहीं मिला है। इस दौरान सिराज का औसत 37.5 का रहा है। वहीं, एजबेस्टन में उनके रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो उन्होंने सिर्फ एक मुकाबला खेला है। 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में सिराज को पहली पारी में चार विकेट मिले थे। हालांकि, दूसरी पारी में उनके हाथ खाली रहे। लीड्स टेस्ट में 31 वर्षीय गेंदबाज को सिर्फ दो विकेट मिले और उन्होंने 173 रन लुटाए थे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 200 से ज्यादा रन खर्च किए, जिसका असर मैच के नतीजे पर पड़ा। अब अगर बुमराह आगामी मुकाबले में नहीं खेलेंगे तो सिराज, प्रसिद्ध और शार्दुल पर सभी की नजरें रहेंगी। आमतौर पर एजबेस्टन की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए लाभदायी होती है। यही वजह है कि माइकल क्लार्क और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे दिग्गजों ने कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करने पर जोर दिया है। दोनों को पिच के सूखे रहने की उम्मीद है। क्लार्क ने बियान्ड23 पाडकास्ट में कहा कि गेंदबाजी के लिहाज से मैं किसी एक खिलाड़ी पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल आसान है। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है। वहीं, अजहरुद्दीन ने कहा कि वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। भारत के लिए 2017 में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप अब तक 13 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 3.55 की इकोनामी से गेंदबाजी करते हुए 56 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड में उन्होंने अबतक सिर्फ एक मैच खेला है, वो भी लाड्र्स में।

# पीसीबी ने अजहर महमूद को टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच किया नियुक्त



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर महमूद को पुरुष टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी की ओर से अजहर की नियुक्ति को लेकर जारी बयान में कहा है कि अजहर महमूद ने शानदार अनुभव के साथ राष्ट्रीय टीम के सहायक मुख्य कोच की भूमिका को संभाला है।

वह लंबे समय से टीम के रणनीतिक कोर का अहम हिस्सा रहे हैं। क्रिकेट के बारे में उनका गहरा ज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी सर्किट में सफलता हासिल करना उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाता है।

उन्होंने कहा कि अजहर अपने मौजूदा अनुबंध के समापन, अगले टेस्ट मैचों, अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर और दिसंबर-जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने मैचों तक अपने पद पर बने रहेंगे। अजहर को 2024 की शुरुआत में पाकिस्तान के न्यूजीलैंड के सफेद गेंद दौरे से पहले अंतरिम आधार पर नियुक्त किए जाने के बाद से राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच थे। 50 वर्षीय पूर्व ऑलराउंडर ने 20 साल की उम्र में क्रिकेट में पर्दापण किया था। उन्होंने 143 एकदिवसीय और 21 टेस्ट में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।

# आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब

● **आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग पर लगातार तीसरी जीत है**




**आयोवा, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया। काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया।

यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग के खिलाफ लगातार तीसरी जीत है। यह 2025 में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की पहली खिताबी जीत है। खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय शेट्टी ने कहा कि यह बहुत मायने रखता है कि सीनियर सर्किट में मेरा यह पहला खिताब है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं। मैंने यहां बेहत. रीन बैडमिंटन खेला और मैं अगले सप्ताह कनाडा ओपन का इंतजार कर रहा हूं। वहीं महिला एकल वर्ग के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा, अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन बेइवेन झांग के हार गईं। पहला मैच हारने के बाद तन्वी शर्मा ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए गेम को तीसरे मैच तक ले जाने में सफल रहीं। हालांकि भारतीय शटलर आखिरी मैच हार गई। रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेइवेन झांग ने तन्वी को 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 16-21, 21-10 से मात दी। हार के बावजूद तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।

**खेल विशेष**

## स्पेन, नीदरलैंड ने जीता फीबा 3 गुणा 3 विश्व कप का खिताब

**उलानबटोर, वार्ता।** स्पेन और नीदरलैंड की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गुणा 3 बॉस्केटबॉल विश्वकप (फीबा) 2025 में पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते हैं। मंगोलिया की 3 गुणा 3 बास्केटबॉल एसोसिएशन के अनुसार रविवार को खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्पेन की टीम ने स्विट्जरलैंड को 21-17 से हराया। वहीं महिला वर्ग में नीदरलैंड ने मेजबान मंगो. लिया को 15-9 से शिकस्त दी। पुरुषों के कांस्य पदक मुकाबले में सार्बिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 21-16 से हराया। महिला वर्ग में कनाडा ने पोलैंड को 21-9 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## अंकुर, तनीषा की मिश्रित जोड़ी ने जीता टीटी एशियाई युवा चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**ताशकंद, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अंकुर भट्टाचार्जी और तनीषा कोटेचा भारतीय जोड़ी को टेबल टेनिस अंडर-19 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गॉन और पार्क गाहियोन की जोड़ी से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, ताशकंद के हुमो एरीना में खेले गए मैच में भारतीय जोड़ी ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन कड़े मुकाबले में 2-3 से हार गई। कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों पर 11-9, 8-11, 11-7, 3-11, 11-3 से जीत दर्ज की। अंकुर और तनीषा की जोड़ी ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और दक्षिण कोरियाई जोड़ी को निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया।

# इंग्लैंड के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

● **दूसरे टी-20 में होगी हरमनप्रीत कौर की वापसी ब्रिस्टल में आज शुरू होगा दूसरा मुकाबला**

**ब्रिस्टल, वार्ता।** भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड से पांच मैचों की टी-20 सीरीज में सामना हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 मैच में 97 रनों से हराया था। अब टीम की नजर दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने पर होगी।

ब्रिस्टल में मंगलवार को दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा, जिसमें हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद है। पहले मुकाबले में उनकी जगह स्मृति मंधना ने टीम की कमान संभाली थी। नाटिंघम में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।

मंधना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबा. जों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया।

# छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह की, बनाया विश्व रिकॉर्ड

● **तेगबीर सिंह ने 20 जून को माउंट एलब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी**

**रूपनगर, वार्ता।** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी।

इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइलम्बग और



स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया। प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के छह साल नौ महीने और चार दिन की उम्र में तेग. बीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा कि मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुच गया और वहाँ अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। रोपड़ के शिवालिक पब्लिक स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।

# 600 में जूनियर आर्टिस्ट से टीम इंडिया तक का सफर

**भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट और म्यूजिशियन बनने की कोशिश भी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण चक्रवर्ती का करियर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उन्होंने हाल ही में रविचंद्रन अश्विन के यूटयूब शो 'कुट्टी स्टोरीज विद ऐश' में अपने करियर के बारे में बताया।

क्रिकेट के मैदान पर सफलता पाने से पहले वरुण ने बतौर आर्किटेक्ट, म्यूजिशियन, फिल्मकार, और जूनियर आर्टिस्ट काम किया। उन्होंने कहा कि मैंने आर्किटेक्ट, म्यूजि. शियन बनने की कोशिश भी की। जूनियर आर्टिस्ट में 600 रुपए हर दिन मिलते थे। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वरुण को टीम से बाहर कर दिया था, लेकिन फिर 33 साल के इस खिलाड़ी ने दुबई में हुए टूर्नामेंट में 9 विकेट लेकर भारत को चैंपियन बनाया। वरुण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेकेंड टॉप विकेट टेकर थे। आर्किटेक्ट की नौकरी वरुण ने बताया कि कालेज के बाद उन्होंने एक आर्किटेक्चरल कंपनी में डेढ़ साल तक असिस्टेंट आर्किटेक्ट के तौर पर काम किया। शुरुआत में सैलरी 14,000 थी, बाद में 18,000 हो गई। लेकिन ऑफिस में बैठना मेरे लिए संभव नहीं था।

आर्किटेक्चर छोड़ने के बाद वरुण ने कुछ समय गिटार बजाने और संगीत में करियर बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैं एक घंटे से ज्यादा गिटार प्रैक्टिस ही नहीं कर पाता था। 6-8 महीने में समझ आ गया कि अगर आपका मकसद सिर्फ दूसरों को इम्प्रेस करना है, तो कोई भी कला नहीं चलेगी। वरुण ने फिर इंटीरियर डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस शुरू किया। उन्होंने कहा, एक साल सब ठीक चला, लेकिन फिर साइक्लोन वरदा आया और मेरी सारी कमाई बहा ले गया। जूनियर आर्टिस्ट बने, 600 हर दिन मिलते थे वरुण का बिजनेस जब नहीं चला तो वे अपने दोस्तों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में गए, जहां उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर बनने की कोशिश की। वहां जब एक डायरेक्टर ने उनसे पूछा, क्रिकेट खेलते हो? तब उन्होंने कहा, सिर्फ टेनिस-बाल क्रिकेट। इसके बाद उन्हें एक फिल्म में जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर साइन किया गया।

मुझे 600 प्रतिदिन मिलते थे, उस वक्त ये काफी था। वरुण ने कुछ शार्ट फिल्में भी लिखीं और डायरेक्ट कीं, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि वह इमोशंस तो पकड़ पाते हैं, लेकिन उसे स्क्रीनप्ले में ढालना मुश्किल होता है। उन्होंने इस पर कहा, 20 दिन तक शूट चला, मुझे मजा आया। फिर मैंने कुछ स्क्रिप्ट्स लिखीं, लेकिन उन्हें पिच नहीं कर पाया। साल 2014 में वरुण ने तमिल फिल्म जीवा में काम किया। ये फिल्म एक ऐसे क्रिकेटर की कहानी थी, जो पूरी तरह से नाकाम था। टेनिस बाल से टीम इंडिया तक टेनिस-बाल क्रिकेट खेलने वाले वरुण ने बाद में अपने क्रिकेट करियर पर ध्यान दिया। उन्हें लोकल टूर्नामेंट में उनकी मिस्ट्री स्पिन से पहचान मिली। बाद में उन्हें आईपीएल में कोलकाता नाईट राइडर्स ने खरीदा। यहीं से उन्हें पहचान मिली। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में वरुण का सिलेक्शन हुआ लेकिन वे टीम के लिए कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें टीम से निकाल दिया गया। फरवरी में उनकी इंग्लैंड सीरीज में वापसी हुई। जिसमें उन्होंने शानदार परफार्म किया।




# सेना इलेवन ने जीती ऑपरेशन सिंदूर कप की ट्रॉफी

**कानपुर, वार्ता।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारी बारिश बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर क्रिकेट कप मैच में सेना इलेवन ने सांसद इलेवन को नौ विकेट से हराकर कप अपने नाम किया। टीम की ओर से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 54 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। सांसद रमेश अवस्थी की ओर से आयोजित ऑपरेशन सिंदूर कप के मैच में टॉस जीतकर सांसद इलेवन ने बैटिंग करने का फैसला लिया। कुल 12 ओवर में आठ विकेट पर सांसद इलेवन ने 95 रनों का स्कोर खड़ा किया। सांसद इलेवन की ओर से मनोज तिवारी और बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा पारी की शुरूआत करने उतरे। दोनों ने 3.4 ओवर में 40 रनों की साझेदारी की। इस बीच उन्नाव डीएम गौरांग राठी ने मनोज तिवारी को सुधीर कुमार के हाथों कैच करा दिया। मनोज ने 12 गेंदों में दो चौके व तीन छक्कों के दम पर 30 रन बनाए। सेना इलेवन से मनीष सोनकर ने चार, गौरांग राठी ने दो और एक विकेट आशुतोष ने चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेना एकादश के कप्तान ब्रिगेडियर शब्बरुल हसन और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। अखिल कुमार ने गौरांग राठी के साथ 10.1 ओवर में 99 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दिलाई।

# रक्षा मजबूती की तरफ कदम

पहले अरमेनिया, अजरबेजान उसके बाद रूस-यूक्रेन फिर इजरायल-हमास और हाल ही में जिस तरह ईरान और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ा, उससे साफ हो गया कि अब भविष्य में युद्ध तकनीक के आधार पर लड़े जाएंगे, जिसके पास तकनीक बेहतर होगी, वही देश बाजी मारेगा। यही कारण है कि अब भारत ने भी इन युद्धों से सबक लेते हुए अपनी सैनिक क्षमता बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष में डिफेंस सेटेलाइट भेजने की तैयारी कर ली है। सरकार ने तय किया है कि 2029 तक 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजी जाएंगी। ये सभी सेटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगी और पाक-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखी जाएगी। यह सेटेलाइट आर्टिफिशियल इंटेजिलेंस बेस्ड होंगे और 36 हजार किमी की ऊंचाई पर यह आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। जिससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज, तस्वीर भेजने में आसानी होगी। इसके लिए सरकार ने स्पेस बेस्ड सर्विलांस-3 योजना बनाई है और इसके लिए 26 हजार 986 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। वैसे इस मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और इस प्रोग्राम के तहत 4 सेटेलाइट लॉन्च किए गए थे। इसके बाद 2013 में छह सेटेलाइट लॉन्च किए गए। इस मामले में देखा जाए तो चीन हमसे कहीं आगे खड़ा दिखाई देता है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सेटेलाइट थे, वहीं उसके पास आज 1000 से ज्यादा सेटेलाइट हैं। जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी सेटेलाइट मिसाइल, कॉ-ऑर्बिटल सेटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वालफेयर सिस्टम भी हैं। देर से ही सही यह सरकार ने बेहतर तरीका अपनाया है जिसके चलते निश्चित रूप से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। जिससे चीन-पाक पर निगाह रखने में आसानी होगी। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि आज का दौर युद्धों के मामले में परंपरागत नहीं रहा है, उसकी जगह तकनीक लेती जा रही है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खुलकर तकनीक का प्रयोग हुआ। जैसाकि हम जानते हैं कि दोनों देशों की सीमाओं के बीच 2000 से भी अधिक किमी का फासला है, लेकिन इस फासले को तकनीक ने चुटकी में मिटा दिया। जहां इजरायल ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए, वहीं ईरान ने अपनी मिसाइलों के जरिये तमाम एयर डिफेंस सिस्टम को धता बताते हुए सटीक निशानों पर इजरायल पर वार किया। इन युद्धों में सेटेलाइटों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में भारत का 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजना अपने डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए बड़ा माना जाएगा। हालांकि बेहतर हो कि इस मिशन को चार साल से ही पहले पूरा कर लिया जाए, क्योंकि जितना कम समय में हम इस मिशन को पूरा करेंगे, यह हमें आगे बढ़ने में हमारी और मदद करेगा, क्योंकि जैसाकि हम जानते हैं कि चीन इस मामले में हमसे काफी ज्यादा है और अगर वास्तव में हमें उससे प्रतिस्पर्धा लेनी है, तो काफी तेजी से काम करना होगा।

## पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करना जरूरी



अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया, तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोधी करेगी और पार्टी अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेगी, आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले मनुस्मृति का समर्थक हैं, वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं, इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते, यह सिर्फ होसबाले की सोच नहीं, बल्कि पूरी आरएसएस की विचारधारा है, अगर वे सचमुच हिंदू धर्म के रक्षक हैं तो पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करें।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस**

# जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति





**भूपेंद्र यादव**

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते।

इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के सर्वे भवन्तु सुखिनः के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है। एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी असुविधाजनक सच्चाइयों में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने सुविधाजनक कार्रवाई के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले 11 वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है।

पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढांचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। पर्यावरण और वन मंत्रालय में जलवायु परिवर्तन को जोड़कर, जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।

2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ।

2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने वक्तव्य में भारत के महत्वाकांक्षी अभियान पंचामृत की घोषणा की गई। पंचामृत यानी पांच अमृत तत्व, जिसमें जलवायु प्रतिबद्धता को बढ़ाना और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। इसी संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ-पर्यावरण के लिए जीवनशैली की शुरुआत की, ताकि वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में शामिल किया जा सके। इस ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ने भारत को विकासशील देशों के बीच जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया। 2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में कॉप 26 के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आईआरआईएस (सुदृढ़ द्वीप देशों के लिए अवसंरचना) लॉन्च किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, जमैका, मॉरीशस और यूके के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से जलवायु-संवेदनशील देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की गई। भारत ने 2022 में अपने एनडीसी को परिवर्तित करते हुए उसमें संरक्षण और संयम की परंपराओं और मूल्यों के आधार पर स्वस्थ और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक गुणात्मक लक्ष्य के रूप में मिशन लाइफ को शामिल किया। इसी क्रम में, नवंबर 2022 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (एलटी-एलईडी) प्रस्तुत की, जिसमें 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है। इसी वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा, जो ऊर्जा स्वतंत्रता और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है।

वर्ष 2023 में विकसित भारत 2047 की घोषणा, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई, जो 2047 तक पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था तथा प्रकृति और प्रगति के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए विकसित राष्ट्र बनने के प्रति भारत का विजन है। भारत की जलवायु कार्रवाई, 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में कार्रवाई के अलावा, भारत ने व्यापक जलवायु रिपोर्टिंग का प्रदर्शन करते हुए द्विवार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अपना अनुकूलन संवाद भी प्रस्तुत किया है। 2024 में बदलाव लाने वाली दो नागरिक केंद्रित पहलों की शुरुआत हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्जा तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया, जबकि एक पेड़ मां के नाम के शुभारंभ ने वनीकरण को एक जन आंदोलन का रूप दिया।

(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं)

# आतंक पर दोहरे रवैये को लेकर राजनाथ का प्रहार

**भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद कहकर गुमराह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इन्कार करना पड़ा। यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो।**



**योगेश कुमार गोयल**

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं था, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह द्वारा की गई टिप्पणी कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। यह हाल के वर्षों का सबसे भीषण आतंकी हमला था। भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इन्कार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है। एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें शंघाई फाइव से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था, परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंतरिक्ष यात्रा का अनुभवः एक अनोखी दुनिया



**विनीत नारायण**

41 साल बाद, भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा शुरू की, जिसने न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि 1।4 अरब भारतीयों के सपनों को भी पंख दिए।



अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसा अनुभव है जो सामान्य मानवीय अनुभवों से परे है। यह न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि एक गहन व्यक्तिगत और दार्शनिक अनुभव भी है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान कहा, क्या कमाल की सवारी थी। यह उत्साह और आश्चर्य उनकी भावनाओं का प्रतीक है, जो हर उस व्यक्ति के मन में कौतूहल जगाता है जो अंतरिक्ष की सैर का सपना देखता है।

अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने पर सबसे पहला अनुभव शून्य गुरुत्वाकर्षण का होता है। शुभांशु ने इसे शिशु की तरह चलना सीखने जैसा बताया। अंतरिक्ष यात्री को अपने शरीर को नियंत्रित करने, खाने, पढ़ने और यहां तक कि सोने के लिए भी नए तरीके सीखने पड़ते हैं। यह अनुभव चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ रोमांचक भी है। अंतरिक्ष में तैरना, जहां हर वस्तु हवा में लंगरहीन होती है, एक ऐसी अनुभूति है जो पृथ्वी पर असंभव है। इसके साथ ही अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखना एक गहन अनुभव है। नीले ग्रह की सुंदरता, बादलों की नाजुक परतें और महासागरों की विशालता अंतरिक्ष यात्रियों को प्रकृति और मानवता के प्रति गहरी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। शुभांशु ने अपनी यात्रा के दौरान कहा, दृश्यों का आनंद ले रहा हूं। यह दृश्य न केवल मनमोहक हैं, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि हमारा ग्रह कितना नाजुक और अनमोल है।

अंतरिक्ष यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है। लॉन्च के दौरान तीव्र जी-फोर्स का अनुभव, अंतरिक्ष में प्रारंभिक असुविधा और माइक्रोग्रैविटी में अनुकूलन की प्रक्रिया हर अंतरिक्ष यात्री के लिए एक कठिन परीक्षा होती है। शुभांशु ने हंसते हुए बताया कि उन्होंने अंतरिक्ष में ह्काफी सोयाह्व जो उनके अनुकूलन का हिस्सा था। इसके अलावा, अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने से मांसपेशियों का क्षय और हड्डियों की कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिनका अध्ययन इस मिशन का एक हिस्सा था। अंतरिक्ष स्टेशन पर समय केवल दृश्यों का आनंद लेने तक सीमित नहीं है। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान शुभांशु और उनकी टीम ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात भारत के थे। इन प्रयोगों में माइक्रोग्रैविटी में फसल बीजों का प्रभाव, मांसपेशियों के क्षय का अध्ययन और डीएनए मरम्मत जैसे विषय शामिल थे।

यह कार्य न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भी मजबूत करता है। 41 साल पहले, 1984 में, विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत यूनियन के सोयुज टी-11 मिशन के तहत अंतरिक्ष में कदम रखा था। तब से, भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन मानव अंतरिक्ष उड़ान में यह दूसरा बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

शुभांशु की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान (2027), के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो ने इस मिशन के लिए 5 अरब रुपये (+59 मिलियन) का निवेश किया, ताकि शुभांशु को प्रशिक्षण और अंतरिक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। इसरो के अध्यक्ष वी। नारायणन ने कहा, इस मिशन से प्राप्त अनुभव और प्रशिक्षण भारत के लिए अभूतपूर्व लाभकारी होगा। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए लॉन्च प्रोटोकॉल, माइक्रोग्रैविटी अनुकूलन, और आपातकालीन तैयारी में मदद करेगा।

एक्सिओम-4 मिशन नासा, इसरो, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मिशन भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में इसके योगदान को दर्शाता है। पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, यह मिशन वैश्विक एकता और साझा वैज्ञानिक लक्ष्यों का प्रतीक है। शुभांशु की यात्रा ने भारत के युवाओं में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति उत्साह जगाया है। लखनऊ में उनके स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित वॉच पार्टी में सैकड़ों छात्रों ने उनके प्रक्षेपण को देखा और उत्साह के साथ तालियां बजाईं। इसरो ने शुभांशु के लिए भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के आयोजन की योजना बनाई है, जो नई पीढ़ी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

भारत ने 2035 तक अपनी अंतरिक्ष स्टेशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं। शुभांशु की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा इन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। शुभांशु ने अपनी कक्ष से संदेश में कहा, मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं, मैं आप सभी के साथ हूं। यह भावना 1।4 अरब भारतीयों के गर्व और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक बताया। यह मिशन भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक और प्रमाण है।

अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसी यात्रा है जो न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देती है, बल्कि मानवता को अपनी सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित करती है। शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो 41 साल बाद अंतरिक्ष में देश की वापसी को चिन्हित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शाह टाइम्स

प्रस्तुतिः- आकांशी मावड़ी, दिग्विजय सिंह बिष्ट

# स्विट्ज़रलैंड से कम नहीं है नैनीताल

- मानसून में निखर आती है सरोवर नगरी की प्राकृतिक सुंदरता
- पर्यटक की पहली पसंद बन रही है सरोवर नगरी

मौसम कई आते हैं और गुजर जाते हैं, पर मानसून है, जो मन को भाता है और प्रकृति की छटा हरियाली से भरकर मन को प्रफुल्लित कर जाता जाता है। अब मानसून आ चुका है, पेड़ पौंधे मानो मुस्कराने लगे हैं और ऐसे में नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का रंग निखरना शुरू हो गया है। पर्वतों में हरियाली का श्रंगार भरने लगा है। शीत मंद हवाएं वृक्षों को झूमने के लिए मजबूर करती प्रतीत हो रही हैं। यह अनोखा समा प्रकृति प्रेमियों के लिए कुदरत का अनुपम उपहार है, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है और सैलानियों को खींचे चले आता है। नैनीताल की नैसर्गिक सुन्दरता पहचान की मोहताज नहीं, जिसके अंग्रेज भी गुलाम होकर रह गए थे। भले ही ग्रीष्म कालीन सीजन में लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हों, लेकिन इस हिल स्टेशन का असल दीदार मानसून में बनता है। तीन ओर पर्वतमालाओं से घिरा यह शहर मानसून में अलग नजारा पेश करता है। बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच इस भ्रमण अनोखा एहसास कराता है तो लंदन फश्वग यानी सफेद कोहरे की चादरें नगर को कब नगर को अपने आगोश में लेले और कब किस पर्वत से लिपट जाए, पता ही नहीं चलता। ये ऐसे सुंदर नजारें हैं, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाते हैं। यही वजह है कि देश विदेश से हजारों सैलानी मानसून के मौसम में यहां पहुंचते हैं।

## कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं इस दौरान

दरअसल ग्रीष्मकाल में सैलानी लाखों की संख्या में नगर सैर में पहुंचते हैं। जिस कारण अफरातफरी में सैलानियों की आवभगत उतनी हो नही पाती है, लेकिन मानसून के तीन महीनों में सैलानियों की भीड़ छट चुकी होती है। जिस कारण होटल कारोबारियों को सैलानियों के स्वागत व उन्हे समय देने का खूब समय होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि होटलों के किराए में भारी छूट मिल जाती है। इसके अलावा भी कई सुविधाएं हैं, जो मानसून में उपलब्ध हो जाती हैं।

## अत्याधुनिक सुविधाएं वाले नगर के होटल

इस हिल स्टेशन में सैकड़ों होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे हैं, लेकिन चुनिंदा होटल हैं, जहा सैलानियों की ठहरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेरवानी हिलटॉप इन, नैनी रिट्रीट, विक्रम विंटेज, अलका होटल, क्लासिक दी माल, चन्नी राजा, प्रिम रोज, प्रशांत होटल, पर्यटक होटल, गौरी होटल, चिनार, एलफिंस्टन होटल, इंडिया होटल, लेक साइड इन, हैप्पी होम, पैलेस होटल, शशि इन, कपिल इन, शालीमार होटल, आरिफ कैसल्स, शिवराज होटल, बलरामपुर हाउस, वेलकम पार्क आदि होटल हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।



अफजल फौजी



















